संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -140 गुरूवार ,23 मार्च 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## मेहुल चोकसी पर से क्यों हटाया गया रेड कॉर्नर नोटिस

» इससे भारत को क्या नुकसान होगा?

» इंटरपोल ने मेहुल चौकसी का रेड कॉर्नर नोटिस क्यों रद्द किया?

» चोकसी के लिए इसके क्या मायने?

**नई दिल्ली,22 मार्च 2023(ए)।** पंजाब नेशनल बैंक घोटाला मामले में फरार हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी का नाम इंटरपोल के 'रेड नोटिस' से हटा दिया गया है। फ्रांस के लियोन शहर स्थित इंटरपोल के मुख्यालय में चोकसी की ओर से दायर याचिका के आधार पर यह कदम उठाया गया है। अब कांग्रेस अब इस मामले को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साध रही है। पार्टी ने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल होता है, लेकिन चोकसी को इंटरपोल से रिहाई दिलवाई जा रही है।

मेहुल चौकसी को लेकर हुआ क्या है? इंटरपोल ने मेहुल चौकसी का रेड कॉर्नर नोटिस क्यों रद्द किया? कैसे जारी होता है नोटिस? रद्द कैसे होता है रेड कॉर्नर नोटिस? हटने के बाद भारत को क्या नुकसान? चोकसी के लिए इसके क्या मायने?

### मेहुल चोकसी को लेकर हुआ क्या है?

13,000 करोड़ रुपये घोटाले में वांछित और भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी को इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस की अपनी सूची से हटा दिया है। सूत्रों का कहना है कि यह कदम चोकसी की सूची से अपना नाम हटाने की अपील पर किया गया। मेहुल चोकसी के जनवरी 2018 में देश से फरार होने के करीब 10 महीने बाद इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। देश छोड़ने के बाद चोकसी ने एंटीगुआ और बारबूडा की नागरिकता हासिल कर ली थी।

### इंटरपोल ने मेहुल चौकसी से रेड कॉर्नर नोटिस क्यों हटाया?

जानकारी के मुताबिक, चोकसी ने अपने खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की सीबीआई की याचिका को चुनौती दी थी। उसने अपने मामले को राजनीतिक साजिश करार दिया था। उसने भारत में जेलों की स्थिति, व्यक्तिगत सुरक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों के भी सवाल उठाए थे। यह मामला पांच सदस्यीय इंटरपोल समिति की अदालत में गया जिसने रेड कॉर्नर नोटिस को रद्द कर दिया। वहीं, दूसरी ओर सीबीआई 13,000 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले में चोकसी और नीरव मोदी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है।

रेड कॉर्नर नोटिस हटने के बाद चोकसी भारत को छोड़कर कहीं भी यात्रा करने के लिए स्वतंत्र है। हालांकि इससे भारत में लंबित उनके आपराधिक मुकदमे पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। रेड कॉर्नर नोटिस एक प्रयास था कि उसे पकड़ा जा सके और यहां (भारत) लाया जा सके यदि वह कहीं भी यात्रा कर रहा है। ऐसे में अब उसे इस जोखिम से राहत मिल गई है।

### सीबीआई ने इस पर क्या कहा?

इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए सीबीआई ने कहा है कि भारत की ओर से किए गए प्रत्यर्पण अनुरोध पर एंटीगुआ और बारमुडा में अधिकारियों के समक्ष सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है। सीबीआई ने यह भी कहा है कि इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस के डाटाबेस से उसका नाम हटने का कोई असर नहीं पड़ेगा। केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि वह इस त्रुटिपूर्ण निर्णय को सुधारने और नोटिस की बहाली के लिए इंटरपोल के भीतर उपलब्ध विकल्पों का उपयोग करना जारी रखेगी।

### क्यों और कैसे जारी होता है

## भगोड़े मेहुल चौकसी को इंटरपोल से राहत

### कांग्रेस अब इस मामले को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साध रही है




### रेड कॉर्नर नोटिस?

रेड कॉर्नर नोटिस उन भगोड़ों के लिए जारी किया जाता है जो या तो मुकदमा चलाने या सजा काटने के लिए वांछित हैं। रेड कॉर्नर नोटिस दुनियाभर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक अनुरोध होता है कि वो प्रत्यर्पण, आत्मसमर्पण या इसी तरह की कानूनी कार्रवाई के लिए विचाराधीन व्यक्ति का पता लगाने और अस्थायी रूप से गिरफ्तार करें।

इंटरपोल ने अपने सभी 195 सदस्य देशों में एक राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो को उस सदस्य और इंटरपोल की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच संपर्क के एकल बिंदु के रूप में नामित किया हुआ है। भारत के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो के रूप केंद्रीय जांच ब्यूरो (छ्ब्ढ्ढ) इंटरपोल में नामित है। सीबीआई ही इंटरपोल में भगोड़ों/अपराधियों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस को प्रकाशित करने, मेंटेन करने और अपडेट करने के लिए अधिकृत है।

### रेड नोटिस रद्द कब होता है?

नोटिस प्रकाशित होने के बाद जब भी संबंधित व्यक्ति द्वारा नई और प्रासंगिक जानकारी इंटरपोल के महा सचिवालय के ध्यान में लाई जाती है, तो टास्क फोर्स मामले की फिर से जांच करता है। यदि किसी नोटिस का मूल्यांकन किया जाता है कि वह अब इंटरपोल के संविधान और नियमों के मुताबिक नहीं है, तो उसे रद्द कर दिया जाता है। सभी सदस्य देशों को निर्णय के बारे में सूचित किया जाता है और राष्ट्रीय डेटाबेस से सभी जानकारी को हटाने का अनुरोध किया जाता है।

### इंटरपोल क्या है?

इंटरपोल, या अंतर्राष्ट्रीय अपराध पुलिस संगठन, 195 सदस्य देशों के साथ एक अंतर-सरकारी संगठन है। इसका मुख्यालय ल्योन, फ्रांस में है और दुनिया भर के कई देशों में इसके कार्यालय हैं। 1923 में स्थापित संस्था अंतर्राष्ट्रीय अपराध से लड़ने के लिए वैश्विक पुलिस सहयोग मुहैया कराती है।

### रेड कॉर्नर नोटिस में क्या होता है?

रेड कॉर्नर नोटिस में मुख्य रूप से दो तरह की सूचनाएं होती हैं। पहली- वांछित व्यक्ति की पहचान करने की जानकारी, जैसे उनका नाम, जन्म तिथि, राष्ट्रीयता, फोटोग्राफ आदि। दूसरी- जिस अपराध के लिए वो वांछित हैं, उसके बारे में जानकारी। इंटरपोल के अनुसार इन अपराधों में आमतौर पर हत्या, बलात्कार, बाल शोषण या सशस्त्र डकैती शामिल है।

### रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की प्रक्रिया क्या है?

एक स्पेशल टॉस्क फोर्स इंटरपोल के नियमों के मुताबिक, प्रत्येक रेड कॉर्नर नोटिस अनुरोध की समीक्षा करती है। टीम प्रकाशन के समय उपलब्ध जानकारी पर विचार करती है। यदि महा सचिवालय के ध्यान में नई और प्रासंगिक जानकारी लाई जाती है, तो टास्क फोर्स मामले की फिर से जांच करती है।

### रेड कॉर्नर नोटिस अहम क्यों है?

रेड कॉर्नर नोटिस अंतरराष्ट्रीय वांछित भगोड़ों के बारे में दुनियाभर की पुलिस को सचेत करने में मदद करता है। इस प्रकार वे प्रत्यर्पण प्रक्रिया में तेजी लाने और न्याय प्रक्रिया में मदद कर सकते हैं। प्रत्येक सदस्य देश यह तय करने के लिए स्वतंत्र है कि वह रेड नोटिस को कितना कानूनी अहमियत देना चाहता है।

### रेड के अलावा अन्य इंटरपोल नोटिस होते हैं?

इंटरपोल आठ अलग-अलग प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय नोटिस जारी करता है, जिनमें से अधिकांश नाम रंगों पर हैं। इनमें रेड नोटिस, ग्रीन नोटिस, येलो नोटिस, ऑरेंज नोटिस, ब्लू नोटिस, पर्पल नोटिस, ब्लैक नोटिस और एक इंटरपोल-संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद विशेष नोटिस शामिल हैं।

### कितने भारतीयों के खिलाफ जारी हो चुका है नोटिस?

पिछले साल जून में गैंगेस्टर गोल्डी बराड़ के खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। पूर्व में भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी और उसकी पत्नी एमी मोदी, भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी, गैंगस्टर रवि पुजारी और छोटा राजन के खिलाफ इस तरह का नोटिस जारी किया जा चुका है।

## भारतीय उच्चायोग के बाहर फिर से खालिस्तानियों का प्रदर्शन

» भारत के कदम के बाद सुरक्षा बढ़ाई गई




**नई दिल्ली,22 मार्च 2023(ए)।** खालिस्तान समर्थकों ने एक बार फिर से लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया। हालांकि हालांकि पिछली बार की स्थिति को भांपते हुए उच्चायोग की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया और यहां अभूतपूर्व सुरक्षा देखी गई। एएनआई द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में दिख रहा है कि लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर खालिस्तानी समर्थक खालिस्तान का झंडा लेकर भारत विरोधी प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन मौके पर मेट्रोपोलिटन पुलिस मौजूद है। हालांकि अभी तक किसी खालिस्तानी समर्थक की गिरफ्तारी की खबर नहीं मिल पाई है।

आपको बता दें कि 19 मार्च को खालिस्तान समर्थकों ने लंदन में भारतीय उच्चायोग में घुसने की कोशिश की थी। खालिस्तानी समर्थकनों ने लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया था और यहां लगे तिरंगे को हटाने की कोशिश भी की थी। भारत की ओर से लंदन में उच्यायोग पर हुई घटना पर नाराजगी जाहिर की गई थी। इस घटना के तीन दिन बार एक बार फिर से खालिस्तान समर्थकों ने लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन का प्लान बनाया। पिछली बार की ही तरह वह इस बार मामले को दबाने के पक्ष में था। इस बात को समझते हुए भारत ने भी जैसे को तैसा वाला रुख अपनाया। भारत ने नई दिल्ली में ब्रिटिश उच्चायुक्त से बैरिकेड्स हटा लिए। भारत ने साफ संदेश दिया कि यदि लंदन में भारतीय अधिकारियों की सुरक्षा व्यवस्था ठीक नहीं तो नई दिल्ली में भी ब्रिटिश अधिकारियों संग वैसा ही सुलूक किया जाएगा। इसका असर तुरंत दिखा। लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर सुरक्षा पहरा बढ़ा दिया। बैरिकेडिंग लगाने के साथ-साथ पुलिस अधिकारियों, लाइसन अधिकरी, पेट्रोलिंग ऑफिसर को तैनात किया गया। इसके बाद पुलिसकर्मियों को गश्त करते भी देखा गया।

इससे पहले लंदन में हुई घटना के बाद भारत ने ब्रिटिश राजनयिक को दिल्ली में तलब किया था। इस घटना के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से बयान जारी करके कहा गया था कि वरिष्ठ राजनयिकों को तलब किया गया है और उनसे इस मामले में सफाई मांगी गई है। इसके बाद ही स्थिति में सुधार न होता देख दिल्ली में लंदन उच्चायोग के बाहर बैरिकेड हटा लिया गया था।




## अब रविवार को भी खुलेंगे सभी बैंक

» रात 12 बजे तक करना होगा काम

» आरबीआई ने जारी किया आदेश

**नई दिल्ली,22 मार्च 2023(ए)।** बैंक कर्मचारियों के लिए एक बड़ी खबर है। आरबीआई ने आदेश जारी कर दिया है जिसके मुताबिक़ अब बैंक कर्मियों को रविवार को भी काम करना होगा। आरबीआई के इस फैसले से अब आप हर दिन बैंक से संबंधित काम निपटा सकते हैं। हालंकि ये आदेश सिर्फ महीने के आखिरी दिन 31 मार्च तक के लिए ही है। इसके बाद लगातार 2 दिन यानी 1 और 2 अप्रैल को बैंकों में कामकाज नहीं होगा।

बता दें कि इस मार्च महीने में मंथ क्लोजिंग है जिसकी वजह से काम काज में तेजी लाने और पेंडिंग कामों को जल्द निपटाने के लिए ये निर्णय लिया गया है। मार्च के अंतिम दिन में फाइनेंशियल ईयर 2022-23 खत्म हो जाएगा। सरकार से जुड़े सभी ट्रांजैक्शंस इस तारीख तक सेटल हो जाने चाहिए। वहीं आरबीआई ने कहा कि नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर और रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट सिस्टम के जरिए होने वाले ट्रांजैक्शंस 31 मार्च को रात 12 बजे तक जारी रहेंगे।

सरकारी चेक के कलेक्शन के लिए स्पेशल क्लियरिंग कंडक्ट किए जाएंगे, जिसके लिए डिपार्टमेंट ऑफ पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स जरूरी निर्देश जारी करेगा। सेंट्रल एंड स्टेट गवर्नमेंट के ट्रांजैक्शंस की रिपोर्टिंग के लिए रिपोर्टिंग विंडो 31 मार्च को 1 अप्रैल को दोपहर तक ओपन रखे जाएंगे।

## साढ़े तीन लाख की रिश्वत लेते एएसआई गिरफ्तार

**जोधपुर,22 मार्च 2023(ए)।** एसीबी की टीम ने मामले को रफादफा करने के लिए एएसआई को 3.5 लाख की रिश्वत लेते रंगहाथों गिरफ्तार किया है। मामला जोधपुर के सोजती गेट चौकी का है। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार सदर बाजार थाने के एएसआई नंदकिशोर को सोजती गेट चौकी में साढ़े तीन लाख रुपए की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।





ऱ्इस मामले में थानाधिकारी सुरेश पोटलिया की संदिग्ध भूमिका की भी जांच की जा रही है। एएसआई ने थाना अधिकारी सुरेश पोटलिया के लिए पीड़ित से 5 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। सोजती गेट पुलिस चौकी में पीड़ित रिश्वत के पैसे देने पहुंचा तो उसे एसीबी ने रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी के एएसपी दुर्गसिंह राजपुरोहित ने बताया घोड़ों का चौक निवासी ज्वेलर ने शिकायत दी थी। शिकायत में बताया था कि ज्वेलर का लेन.देन को लेकर कुछ सटोरियों से विवाद चल रहा है। इसके चलते सटोरिया व्यवसाई को जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे और उसे परेशान कर रहे थे।

व्यापारी ने पैसे कम करने के लिए मिन्नत की तो एएसआई ने 50 हजार रुपए कम कर साढ़े 4 लाख रुपए लेना तय किया। बाद में 3 लाख 50 हजार पर सहमति जताई थी।

ऱ्सोजती गेट चौकी में प्रभारी की टेबल पर जैसे ही एएसआई ने रिश्वत की राशि ली। एसीबी ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। पुलिस ने एएसआई और एसएचओ दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

## पटाखा फैक्ट्री में हुआ बड़ा धमाका,8 जिंदा जले



**चेन्नई ,22 मार्च 2023(ए)।** तमिलनाडु के कांचीपुरम में भीषण आग लगने से 8 लोग जिन्दा जलकर मौत हो गई है. इस आग में 19 लोगों के गंभीर रूप से झुलसने की खबर है. घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया जा रहा है कि पटाखा फैक्ट्री में ये आग लगी थी. जिसके बाद आग काफी विकराल हो गई. पटाखों के धमाकों से आग की लपटें बढ़ती गईं. फिलहाल, राहत बचाव कार्य जारी है.ये पटाखा फैक्ट्री कांचीपुरम से करीब 10 किमी दूर वज्ञाथोत्तम में है. इस फैक्ट्री के पास पटाखा बनाने का लाइसेंस होना बताया जा रहा है. लेकिन किसी वजह से फैक्ट्री में आग पकड़ ली. जिसके बाद उसमें धमाके होने लगे. आग लगने की वजह का पता नहीं चल पाया है. फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के साथ स्थानीय लोग भी राहत बचाव कार्य में जुटे हैं. इस हादसे में अब तक 25 लोगों को घायल हालत में बाहर निकाला जा चुका है.

## भूकंप के झटकों से कांपे 9 देश

» पाकिस्तान में सबसे ज्यादा तबाही- 9 लोगों की मौत

**नई दिल्ली ,22 मार्च 2023(ए)।** बीती रात आए भूकंप का असर एशिया के कई देशों में देखा गया। भारत समेत 9 देशों में काफी देर तक भूकंप के झटके महसूस किए गए और 40 सेकंड तक धरती हिलती रही। दहशत की वजह से लोग घरों से बाहर आ गए। रिक्टर स्केल पर 6।6 तीव्रता वाले भूकंप का एपिसेंटर अफगानिस्तान के फैजाबाद से 133 किमी दक्षिण पूर्व में बताया जा रहा है। भूकंप का केंद्र जमीन से 56 किलोमीटर की गहराई में था। हिन्दूकुश पर्वत वाले इस इलाके में अक्सर भूकंप के झटके आते रहते हैं। भूकंप के झटके अफगानिस्तान और चीन समेत 9 देशों में महसूस किए गए।भूकंप के केंद्र अफगानिस्तान में जान-माल के नुकसान की अब तक कोई खबर नहीं है, लेकिन पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में अब तक 9 लोगों की मौत की खबर है। तेज झटके आने के बाद खैबर पख्तूनख्वा में इमारत गिरने से 9 लोगों की मौत




हो गई। यहां अबतक 11 की मौत हो चुकी है और 150 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एशिया के तुर्कमेनिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में भी भूकंप वाला हड़कंप देखा गया। इन देशों में भूकंप से भारी नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है।

भारत में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड, और मध्य प्रदेश में भूकंप के झटके महसूस किये गए। बता दें कि रात के भूकंप के झटके के बाद हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में रात 12ऱ51 पर एक बार फिर से भूकंप का मामूली झटका महसूस किया गया। रिएक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.8 आंकी गई। एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप के बाद जम्मू कश्मीर के कुछ इलाकों में मोबाइल सेवा भी बंद हो गई।

## अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास दिखा पाकिस्तानी ड्रोन, बीएसएफ ने की गोलीबारी

**जम्मू ,22 मार्च 2023(ए)।** सीमा सुरक्षाबल (बीएसएफ) के जवानों ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास उड़ रहे एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर बुधवार तड़के गोलीबारी की, जिसके बाद इलाके में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।



सूत्रों ने बताया कि रामगढ़ सब-सेक्टर में चमलियाल सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने मंगलवार देर रात ढाई बजे के आसपास पाकिस्तान की ओर आकाश में टिमटिमाती लाल रोशनी देखी, जो संभवतऱ ड्रोन थी। जवानों ने उसे मार गिराने के लिए दो दर्जन से अधिक गोलियां चलाईं।

सूत्रों के मुताबिक, संदिग्ध ड्रोन पाकिस्तान की तरफ लौट गया, जिसके बाद चमलियाल, सपवाल और नारायणपुर सीमा चौकियों से सटे अग्रिम गांवों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ड्रोन के जरिये क्षेत्र में कोई हथियार या मादक पदार्थ तो नहीं गिराया गया है। सूत्रों के अनुसार, अभियान के लिए बड़ी संख्या में तैनात बीएसएफ जवान दुग, चन्नी-सपवाल और आसमपुर गांवों के खुले मैदानों में तलाशी ले रहे हैं।

## अजमेर में 30 फीट की ऊंचाई से झूला गिरा

### मची चीख-पुकार; घटना के बाद ऑपरेटर फरार

**जयपुर ,22 मार्च 2023(ए)**राजस्थान के अजमेर में 30 फीट की ऊंचाई से केबल टूटने से झूला गिर पड़ा। इस हादसे में 15 लोग घायल हो गए। अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे है। घटना मंगलवार शाम की है। लोग हिंडोला की सवारी कर रहे थे। इस दौरान अचानक केबल टूटने से झूला नीचे आ गिरा। हादसे के चलते हर तरफ अफरातफरी मच गई।

जानकारी के मुताबिक, शाम करीब सवा छह बजे हिंडोला में 25 लोग बैठे थे। अचानक केबल टूट गया और झूला 30 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया। इससे अफरातफरी मच गई। सात बच्चों समेत 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें जेएलएन अस्पताल ले जाया गया। सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची।




हादसे के बाद अचानक हड़कंप मच गया। दुकानें और स्टॉल को बंद करवा दिया गया। राइड ऑपरेटर और ऑर्गेनाइजर मौके से फरार हो गया। अजमेर के कुंदन नगर इलाके में 27 फरवरी को लगे 'डाबर डिज्नीलैंड' नाम के मेले में लोगों के लिए झूले और कई मजेदार राइड थी। मेला 28 मार्च को समाप्त होना था।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि झूला केबल के सहारे ऊपर चढ़ता है। उसी के सहारे नीचे उतरता है। ऐसी स्थिति में केबल के खुलने या टूटने के कारण यह हादसा हुआ है। हालांकि असली वजह जांच के बाद ही सामने आएगी।एडीएम सिटी भावना गर्ग ने कहा, दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि यह दुर्घटना कैसे हुई, दुर्घटना का कारण क्या है आदि। सिविल लाइन थाना प्रभारी दलबीर सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर मेले को सील कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस के बूट से कुचलकर चार दिन के नवजात की मौत

### ग्रामीणों में जबर्दस्त गुस्सा, सीएम ने दिए जांच के आदेश

**रांची ,22 मार्च 2023(ए)** गिरिडीह जिले में बुधवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापामारी के दौरान चार दिन के एक नवजात शिशु की मौत हो गई।



परिजनों ने आरोप लगाया है कि नवजात की मौत एक पुलिसकर्मी के बूट के नीचे दबकर हुई है। इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में जबर्दस्त गुस्सा है। इसकी खबर मिलने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य पुलिस मुख्यालय को घटना की जांच कर रिपोर्ट देने और कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## संपादकीय

### अमृतपाल के रहस्य

उसके प्रभाव का असर यह है कि उसके समर्थकों ने लंदन में भारतीय उच्चायोग पर से भारत का झंडा उतार दिया। इसके पहले ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में भारत के मानद वाणिज्य दूतावास पर वे हंगामा कर चुके थे।

खालिस्तान समर्थक नेता अमृतपाल सिंह का मामला आरंभ से रहस्यमय है। पिछले तीन दिन में जो हुआ है, उससे इस रहस्य में और वृद्धि ही हुई है। यह सवाल अहम है कि अमृतपाल सिंह जब रात भर अपने घर पर था, तभी उसे गिरफ्तार क्यों नहीं कर लिया गया? इसके बदले उसे अपने काफिले के साथ निकलने दिया गया और फिर पुलिस ने पीछा कर पकड़ने का नजारा पैदा करने की कोशिश की। इसी बीच वह अपनी कार और काफिले से गायब हो गया, क्या इसे रहस्यमय नहीं कहा जाएगा? वैसे ऐसे सवाल तो उसके दुबई से भारत आकर देखते-देखते एक प्रभावशाली शख्सियत के रूप में उभर जाने के पूरे घटनाक्रम पर रहे हैं। उसके प्रभाव का असर यह है कि उसके समर्थकों ने लंदन में भारतीय उच्चायोग पर से भारत का झंडा उतार दिया। इसके पहले ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में भारत के मानद वाणिज्य दूतावास पर वे हंगामा कर चुके थे। तो इस तरह अपने वारिस पंजाब दे संगठन का प्रमुख बताने वाला अमृतपाल सिख चरमपंथ का एक बड़ा चेहरा बनता जा रहा है।

अब आशंका है कि अगर उसे गिरफ्तार करने में पंजाब पुलिस नाकाम रही या गिरफ्तार के बाद किसी कानूनी खामी का लाभ उठा कर वह रिहा होने में सफल रहा, तो उसको लेकर रहस्य और फैलेगा। इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि पंजाब सरकार ऐसे माहौल में अंतर्निहित खतरों से वाकिफ है। जिन खतरों के पीछे सांप्रदायिक और भावनात्मक पृष्ठभूमि हो, बेहतर यह होता है कि उनके उभरने की संभावना को ना पनपने दिया जाए। जबकि अमृतपाल तो अब पनप चुका है। बहरहाल, अभी वह ऐसी ताकत है, जिस पर काबू पाया जा सकता है। जबकि कुछ समय तक अगर उससे जुड़े रहस्य को यूं ही आगे बढ़ने दिया गया, तो फिर चुनौती बहुत बड़ी हो जाएगी। आखिर यह सारी कहानी उस राज्य में घट रही है, जहां चार दशक पहले इसी तरह एक खतरे को पनपने, बढ़ने और एक बड़ी चुनौती बन जाने दिया गया था। उस दुर्दनाक घटनाक्रम से क्या कोई सबक नहीं सीखा गया? फिलहाल, तो इस बारे में भरोसा करने का कोई मजबूत आधार नजर नहीं आता।

# युवा संगम-एक भारत,श्रेष्ठ भारत की ठोस बुनियाद

हजारों भाषाओं की भूमि, सैकड़ों जनजातियों के निवास-स्थान, दुनिया के सभी प्रमुख धर्मों व मतों की शरणस्थली के रूप में और बर्फ से ढकी पर्वत श्रृंखलाओं से लेकर उष्णकटिबंधीय मैदानों तथा हरे-भरे सदाबहार वनों से लेकर सूखे रेगिस्तान वाला भारत सिर्फ एक राष्ट्र भर नहीं है। विविध जीवन-शैलियों, संस्कृतियों एवं मान्यताओं से लैस यह देश आकर्षक चित्रों से सजे एक खूबसूरत कपड़े की तरह है। जिस प्रकार कपड़ों पर चित्रों की कढ़ाई में महीन सुइयां काम करती हैं, ठीक वैसे ही हमारी विविधता हमें मजबूत और एकजुट रखती है। अब जबकि हम एक प्रमुख वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर हैं, यह विविधता ही हमारी एक बड़ी संपदा होगी।

वर्ष 2015 में जब माननीय प्रधानमंत्री ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के मिशन की घोषणा की, तो उन्होंने न सिर्फ हरेक भारतवासी के बीच के आपसी बंधन को मजबूत किया बल्कि भारत के लिए 'विविधता से होने वाले लाभों' का मार्ग भी प्रशस्त किया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा परिकल्पित 'युवा संगम' नाम की हाल की एक पहल हमारी युवाशक्ति का लाभ उठाने के उद्देश्य से विविधता के इसी पहलू का इस्तेमाल करती है। हमारी युवाशक्ति ही देश की एक अन्य महत्वपूर्ण संपदा मानी जाती है। भावी नागरिकों के लिए हमारी विविधता की इस शक्ति को पहचानना और महसूस करना जरूरी है ताकि वे इसके प्रचुर लाभों को भुना सकें। यात्राएं हमारे देश की भावी पीढ़ी के इस संगम को विविधता की शक्ति से समर्थ बनायेंगी।

युवा संगम उत्तर-पूर्वी राज्यों और शेष भारत के युवाओं के बीच रिश्तों को मजबूत करते हुए 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का उत्सव मनाता है। माननीय प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में एक राष्ट्रव्यापी सांस्कृतिक आदान-प्रदान के कार्यक्रम के रूप में 'युवा संगम' की शुरुआत की गई है। आदान-प्रदान का यह कार्यक्रम- 'पर्यटन, परम्परा, प्रगति, प्रौद्योगिकी और परस्पर संपर्क'- के पांच स्तंभों पर आधारित है। अगले कुछ महीनों के दौरान 20,000 से अधिक छात्र देश भर की यात्रा करेंगे और विविध संस्कृतियों, नस्लों, खान-पान, भाषाओं, प्राकृतिक दृश्यों, स्थानीय इतिहास, तकनीकी प्रगति, शिल्प और कौशल से परिचित होंगे। इस समय जब मैं यह लेख लिख रहा हूं, आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी आदि जैसे प्रमुख संस्थानों के 1000 से अधिक युवा एवं छात्र देश के विभिन्न हिस्सों की यात्रा कर रहे हैं और भारत के असली ग्रामीण स्वरूप से अवगत हो रहे हैं।

विभिन्न पेशे, सामाजिक तथा आर्थिक पृष्ठभूमि से जुड़े युवाओं का एक विविधतापूर्ण समूह एक साथ मिलकर जीवन भर के लिए साझे अनुभवों एवं स्मृतियों का निर्माण करेगा। देश के विभिन्न हिस्सों से यात्रा करके आने वाले हमारे युवा उत्तर-पूर्वी राज्यों के सौंदर्य को महसूस करेंगे और निर्माण, रचना एवं नवाचार करने के लिए प्रेरित होंगे। इसी तरह, उत्तर-पूर्वी राज्यों के हमारे युवा भारत के विभिन्न हिस्सों की यात्रा करेंगे और यात्रा के दौरान हासिल किए गए ज्ञान, अनुभव और यादगार स्मृतियों को संजोएंगे।

स्थानीय उद्योगों, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करने से लेकर स्थानीय छात्रों, उद्यमियों व सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत की दृष्टि से यह यात्रा न सिर्फ एक राज्य का दौरा करने तक ही सीमित नहीं है। यह यात्रा एक संपूर्ण गहन अनुभव के जरिए उस राज्य की सराहना करने और उसके साथ भावनात्मक रूप से जुड़ने का एक अनूठा अवसर साबित होगी। जब हम सिक्किम के युवाओं को ओडिशा के छोटे बच्चों के साथ सिक्किम की लोक धुन पर थिरकते देखते हैं या उत्तर-पूर्वी राज्यों के छात्रों को ओडिशा के एक गांव में हथकरघा की स्थानीय कला सीखते हुए पाते हैं या फिर जब अरुणाचल



प्रदेश के छात्र आंध्र प्रदेश की विभिन्न पाक परंपराओं की जानकारी हासिल करने के लिए उस राज्य में स्थित भारतीय पाक संस्थान का दौरा करते हैं या जब आईआईटी गुवाहाटी और आईआईटी गांधीनगर के छात्र एक-दूसरे को गरबा एवं बिहू सिखाते हैं, तो हमें यह मालूम होता है कि इस देश का भविष्य सुरक्षित हाथों में है और हम %एक भारत श्रेष्ठ भारत% के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ये यात्राएं छात्रों को विभिन्न इलाकों के उन महान नेताओं के बारे में जानने का अवसर भी दे रही हैं, जिन्होंने भारत और इसकी सामूहिक चेतना को आकार दिया है और जिनके योगदानों की वजह से आज हम एक स्वाधीन और स्वतंत्र राष्ट्र हैं। हर भारतीय के लिए भारत की राजनीतिक एवं सांस्कृतिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए विदेशी आक्रमणकारियों के खिलाफ विद्रोह करने वाली रानी गाइडिन्ल्यू के बलिदान, महान अहोम साम्राज्य के लचित बरफुकन की वीरता और साहस या अंग्रेजों के खिलाफ नेताजी की लड़ाई में मणिपुर के मोइरनाग की अहम भूमिका के बारे में जानना जरूरी है। जब छात्र महापुरुषों और महान महिलाओं के स्मारकों एवं संग्रहालयों का दौरा करेंगे, तो यह वास्तव में युवाओं के भीतर राष्ट्रीय चेतना का निर्माण करने में मदद करेगा।

पर्यटन के जरिए विविधता का उत्सव मनाना और एकजुटता को बढ़ाना हमारी प्राचीन संस्कृति में गहराई से रचा-बसा है। हमारे साधुओं और संतों ने ज्ञान प्राप्त करने के लिए देश भर की यात्रा की और विभिन्न संस्कृतियों के बीच बंधन के एक सूत्र का निर्माण किया। इसी भावना के अनुरूप, पिछले साल माननीय प्रधानमंत्री ने वाराणसी में 'काशी तमिल संगमम' का उद्घाटन किया, जोकि भारत के दो सबसे प्राचीन शिक्षा केन्द्रों, वाराणसी और तमिलनाडु के बीच के पुराने संबंधों की फिर से खोज करने का एक कार्यक्रम है। तमिलनाडु के 2500 से अधिक प्रतिनिधियों ने काशी का दौरा किया और ज्ञान साझा करने की सदियों पुरानी परंपरा को फिर से जीवंत किया। इसी तरह, 'माधवपुर घेड' भी ऐसा ही एक और त्योहार है जो भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक है। रानी रुक्मिणी के साथ भगवान कृष्ण के विवाह का उत्सव मनाने के लिए हर साल गुजरात के माधवपुर गांव में एक आकर्षक मेले का आयोजन किया जाता है। रानी रुक्मिणी उत्तर-पूर्व की एक राजकुमारी थीं। गुजरात-उत्तर-पूर्वी क्षेत्र एक- दूसरे से 3000 किलोमीटर से भी अधिक दूरी पर स्थित हैं, लेकिन फिर भी आपस में एक ऐसे घनिष्ठ प्राचीन रिश्ते की डोर से बंधे हैं जिसे हम आज तक संजोए हुए हैं।

युवा संगम का यह कार्यक्रम संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण से संबंधित माननीय प्रधानमंत्री की परिकल्पना को अनूठे तरीके से दर्शाता है। शिक्षा मंत्रालय के नेतृत्व में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, रेल मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, 50 से अधिक विभिन्न विश्वविद्यालय और विभिन्न राज्य सरकारें भावी नागरिकों के अनुभवों को सहज बनाने के उद्देश्य से एक मंच पर आए हैं। यह वास्तव में उल्लास का विषय है कि युवा संगम की टीमें जिस राज्य का दौरा करती हैं वहां शानदार तरीके से उनका स्वागत किया जाता और उन्हें विदाई दी जाती है। छात्र केन्द्रीय मंत्रियों, राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों एवं अन्य गणमान्य हस्तियों के साथ बातचीत करने के अलावा अन्य साथी छात्रों के घर जाकर उनके एवं उनके परिवारों के साथ अटूट संबंध बनाते हैं।

दूसरों के प्रति सम्मान, नए विचारों को स्वीकारने व उनका समावेश करने की इच्छा, मतभेदों को भुलाकर घुलमिल जाने की क्षमता, एक साझे लक्ष्य के लिए मिलकर काम करने की भावना और विविध मान्यताओं से सीखने की प्रवृत्ति, ये कुछ ऐसे मूल्य हैं जिनके कारण भारत सदियों से फलता-फूलता रहा है। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' इस प्रकार के दर्शन की तार्किक परिणति है जिसे भारत ने सदियों से पोषित किया है और जिन्हें देश के विभिन्न हिस्सों की महान विभूतियों द्वारा बढ़ावा दिया गया है। चाहे वह स्वामी विवेकानंद द्वारा दिया गया %एकता पर ही सब कुछ टिका है% का स्पष्ट आह्वान हो या फिर भारतवर्ष के बारे में धार्मिक महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव की व्याख्या हो या सरदार वल्लभ भाई पटेल की 'एक मजबूत इकाई के रूप में आधुनिक भारत एक साथ खड़ा है और एकजुट है' की स्वर्णिम विरासत।

माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का यह प्रयास है कि हमारे युवाओं में इन मूल्यों को समावेश हो और हमारे भावी नागरिक जातिगत एवं सांस्कृतिक मतभेदों से परे हों और उनका संपूर्ण भारत के साथ एक वैचारिक एवं सांस्कृतिक जुड़ाव हो। उन्होंने भारत को राष्ट्रीय प्रगति के एक साझे सूत्र में भी पिरोया है और आज हर भारतीय सामूहिक रूप से 'मेक इन इंडिया', 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'स्वच्छ भारत अभियान', डिजिटल इंडिया या आत्मनिर्भर भारत के मिशन के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में कार्य कर रहा है। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत', हरेक भारतीय में एकता की भावना का समावेश करने के व्यापक उद्देश्य को समाहित करता है।

**जी. किशन रेड्डी**

## डर-हार या जीत

कौन कहता है कि
डर के आगे जीत है?
उन्हें सही तरीके से
नहीं मिली सीख है,
अरे भई उन्हें बताओ,
कोई ढंग से सिखाओ,
डर के आगे सिर्फ गुलामी है,
सिर झुकाने की प्रवृत्ति और
रात दिन की सलामी है,
डर के कारण जंगल का राजा
सर्कस का शेर बन जाता है,
चाबुक की मार संग
जो मिला वहीं खाता है,
डर के साथ जुल्म आता है,
शोषक शोषितों का हिस्सा खाता है,
जिसने ओढ़ लिया
गुलामी मानसिक,
नहीं रह पाता
स्थिति उनकी वास्तविक,
डर व गुलामीपन के
दो प्रमुख हथियार है,
धर्म और भगवान
रूपी घातक औजार है,
भारत में एक और हथियार है,
जो जन्म लेते हो जाता तैयार है,
जो ताउम्र रहता सक्रिय हैं,
परमाणु अस्त्र को
कर सकता निष्क्रिय है,
जिसे प्यार से जाति कहते हैं,
मरते दम तक जिसका खोल
स्वेच्छा से ओढ़े रहते हैं,
जाति के अंदर भी बड़ा जाल है,
जो बहुजनों के लिए जंजाल है,
तो स्वीकारो डर के आगे हार है,
जो लड़ने को तैयार है,
तर्क से ही
सामने आ सकता होनहार है,
तो साथियों डर से लड़ो,
लड़ने,तर्क करने के लिए
खूब बढ़ो,
फिर अपनों को जगाओ,
मानसिक गुलामी भगाओ।



**राजेन्द्र लाहिरी**
छत्तीसगढ़

## जीवन चक्र

जीवन एक गणित है प्यारे,
सीखो तुम इसमें जीना।
गुणा भाग कर आगे आओ,
और रखो ताने सीना।।
छोटी छोटी सी खुशियों को,
आहिस्ता से तुम जोड़ो।
बढ़े एकता भाईचारा,
इनसे कभी न मुँह मोड़ो।।
आड़े तिरछे रिश्ते नाते,
अमर बेल कहलाते हैं।
विषम समय चलता मानव का,
चुपके से घट जाते हैं।।
अलग रीत है इस दुनिया की,
समझ नहीं हम पाते हैं।
घूम रहे हैं एक वक्र में,
आकर फिर मिल जाते हैं।।
नहीं समांतर कोई होते,
ना कोई सीधी रेखा।
शेष बचे वे रोते रहते,
एक दर्द मैंने देखा।।
मुँह में राम बगल में छूरी,
वाणी को तरसाते हैं।
कैसी कैसी रीत जगत की,
समझ नहीं हम पाते हैं।।



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

## बेबसी

बेबसी की बंधन ने हमें है मारा
वक्त ने जब जब हमको ललकारा
हमने बढ़कर दिया सबको जवाब
कमजोर ना समझना हमें जनाब
बेबस हूँ पर हम डरपोक नहीं
घायल हूँ तन से पर मौन नहीं
जब जब उठेगी बगावत की हुँकार
विफलता झुक जायेगी हो शर्मसार
कैसे दिखलाऊँ मन की उठी ज्वाला
समय ने जड़ दी है पैर में बड़ी ताला
कभी तो खुलेगी बंद यह दरबार
खुल जायेगी तब सफलता के द्वार
पीछे मुड़ कर हम कभी ना देखेगें
पथ के काँटे पैरों तले तब रोदेंगें
कभी तो आयेगी गिरफ्त में हार
जीत की परचम लहरायेगें तब यार
वक्त बड़ा बना है मेरे साथ बेरहम
पर निकलेगा इक दिन इनका दम
समय की चक्र जब करेगी प्रहार
हर मोड़ पे गुजेंगी जीत जयकार



**उदय किशोर साह**
जयपुर बाँका
बिहार

## अंधविश्वास ?

# क्या हम पुरातन काल में जी रहे हैं,जो समाज के लिए घातक है

### गहन चिंतन आवश्यकता है

अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी है यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात है यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है





शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता हैद्य उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक हैद्य शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहाँ बच जाती है भला ? शिक्षा का स्तर ईतना ऊंचा हो जाना चाहिए की इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिए बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है,किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है। शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है। मूलतः अंधविश्वास को दूर करने के लिए हमें शिक्षा जैसे अस्त्र का इस्तेमाल तीव्र गति से किया जाना चाहिए। अंधविश्वास, तंत्र मंत्र के अधीन होकर पशुओं की बलि देना भी एक प्रकार से अंधविश्वास को बढ़ावा देना ही है, तंत्र मंत्र के विश्वास में आकर मानव न केवल पशुओं की बलि देते बल्कि बच्चों की बलि देने से भी नहीं परहेज करता है। समाज में व्याप्त अंधविश्वास तथा कट्टरपंथ का लाभ समाज के कुछ चालबाज तथा धोखेबाज लोग उठाते हैं और यही लोग इन अंधविश्वासी लोगों को भूत, प्रेत ,राहु केतु,काल सर्प दोष इत्यादि का भय दिखाकर पूजा पाठ तंत्र मंत्र के नाम से हजारों रुपए लूट लेते हैं। यह सिर्फ गांव में ही नहीं हो रहा है यह शहरों में भी बुरी तरह व्याप्त है तंत्र मंत्र तथा भूत प्रेत से छुटकारा भारत के कस्बों तथा गांव में एक व्यवसाय के रूप में विकसित हो गया है जो देश के लिए एक बड़ी विसंगति और विडंबना है। ऐसे तंत्र मंत्र और भविष्य के दर्शन कराने वाले तांत्रिकों का विज्ञापन न सिर्फ बड़े-बड़े अखबारों में बल्कि स्थापित टीवी चैनलों में भी खुल कर दिया जाता है जिससे न सिर्फ अनपढ़, अंधविश्वासी बल्कि शिक्षित लोग भी झांसे में आकर बड़ी धनराशि से हाथ धो बैठते हैं। विकसित यूरोपीय देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, आयरलैंड, फ्रांस, इजरायल तथा अन्य देशों में भी अंधविश्वास व्याप्त है किंतु भारत में अशिक्षा के कारण इसकी जड़ें थोड़ी गहरी व्याप्त हैं। शिक्षा के प्रचार-प्रसार तथा मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से अंधविश्वास को जनमानस तथा देर से दूर किया जा सकता है किंतु मूल रूप से प्राथमिक शिक्षा को एक सशक्त माध्यम रखकर अंधविश्वास एवं धार्मिक कट्टरता के विरोध में बातें रखी जाए तो देश एक अंधविश्वास मुक्त राष्ट्र बन सकता है।



**संजीव ठाकुर,**
रायपुर
छत्तीसगढ़

# वायु प्रदूषण से लड़खड़ाता स्वास्थ्य

वायु गुणवत्ता बहुत खराब होने का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। इससे रेस्पिरेटरी इश्यू, हार्ट प्रॉब्लम बढ़ने के अलावा और भी कई गंभीर बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है।हाई लेवल के वायु प्रदूषण के कारण कई तरह के प्रतिकूल स्वास्थ्य परिणाम हो सकते हैं। इससे श्वसन संक्रमण, हृदय रोग और फेफड़ों के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। जो पहले से ही बीमार हैं, उन पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है। बच्चे, बुजुर्ग और गरीब लोग इसके ज्यादा शिकार होते हैं। जब पार्टिकुलेट मैटर 2.5 होता है, तो यह फेफड़ों के मार्ग में गहराई से प्रवेश करने लगता है।

वायु प्रदूषण का भारत में मानव स्वास्थ्य पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। यह बीमारी के लिए दूसरा सबसे बड़ा जोखिम कारक है और वायु प्रदूषण की आर्थिक लागत सालाना 150 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक होने का अनुमान है। भारत में वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों में वाहन उत्सर्जन, बिजली उत्पादन, औद्योगिक अपशिष्ट, खाना पकाने के लिए बायोमास दहन, निर्माण क्षेत्र और फसल जलने जैसी घटनाएं शामिल हैं। ब्लैक कार्बन जीवाश्म ईंधन, जैव ईंधन और बायोमास के अधूरे दहन से निकलने वाली कालिख का एक घटक है। रासायनिक रूप से, यह महीन कण पदार्थ का एक घटक है। यह एक प्रकार का एरोसोल है जो गैस और डीजल इंजनों, कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्रों और जीवाश्म ईंधन को जलाने वाले अन्य स्रोतों से उत्सर्जित होता है।

2.5 माइक्रोमीटर डायमीटर (पीएम2.5) से कम के पार्टिकल सबसे बड़ा स्वास्थ्य जोखिम पैदा करते हैं। अपने छोटे आकार (इंसान के बाल की औसत चौड़ाई का लगभग 1/30वां) के कारण, महीन कण फेफड़ों में गहराई से प्रवेश कर सकते हैं।पार्टिकुलेट मैटर हवा में पाए जाने वाले ऐसे कण हैं, जिसमें धूल, गंदगी, कालिख, धुआं और फ्लूइड ड्राप भी शामिल हैं। पार्टिकुलेट मैटर आमतौर पर डीजल वाहनों और कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्रों जैसे स्रोतों से उत्सर्जित होती है। 10 माइक्रोमीटर डायमीटर (पीएम10) से कम के पार्टिकल स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय हैं। ये सांस के जरिए अंदर जा सकते हैं और श्वसन प्रणाली में जमा हो सकते हैं।

ब्लैक कार्बन जीवाश्म ईंधन, बायोमास, आदि के अधूरे दहन से स्वाभाविक रूप से और मानवजनित रूप से (मानव गतिविधियों से बाहर) दोनों का उत्पादन होता है। प्रमुख स्रोत डीजल इंजन, खाना पकाने के स्टोव, लकड़ी जलाने और जंगल की आग से उत्सर्जन हैं। वैश्विक ब्लैक कार्बन उत्सर्जन में घरेलू खाना पकाने और हीटिंग का हिस्सा 58त्न है। खुले बायोमास जलाने और आवासीय ठोस ईंधन दहन के परिणामस्वरूप विकासशील दुनिया लगभग 88त्न ब्लैक कार्बन उत्सर्जन में योगदान करती है। जिनेवा (स्विट्ज़रलैंड) में डब्लू एच ओ द्वारा प्रकाशित समाचार के अनुसार, जैसे-जैसे दुनिया गर्म और अधिक



भीड़भाड़ वाली हो रही है, हमारे प्रयोग में लाये जाने वाले मशीन और अधिक खराब उत्सर्जन कर रहे हैं। आधी दुनिया के पास स्वच्छ ईंधन या स्टोव, लैंप तक की भी पहुंच नहीं है। जिस हवा में हम सांस लेते हैं वह खतरनाक रूप से प्रदूषित हो रही है। सांस में प्रदूषित हवा लेने के कारण हर साल लगभग 70 लाख लोग मारे जाते हैं।

वायु की गुणवत्ता को ख़राब करने वाले ब्लैक कार्बन के कण वातावरण में पार्टिकुलेट मैटर का एक प्रमुख घटक हैं, जो वायु की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। इन कणों को अंदर लेने से सांस की समस्या, हृदय रोग और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ब्लैक कार्बन कण फेफड़ों में गहराई तक प्रवेश कर सकते हैं, जिससे सूजन और जलन हो सकती है। यह अस्थमा और ब्रोंकाइटिस जैसी पहले से मौजूद श्वसन स्थितियों को बढ़ा सकता है। ब्लैक कार्बन के संपर्क में आने से हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ जाता है। वायु प्रदूषण और श्वसन प्रणाली से इसका संबंध काफी स्पष्ट है। वायु प्रदूषण तंत्रिका तंत्र को भी प्रभावित करने के लिए जाना जाता है। जब पार्टिकुलेट मैटर नाक गुहा में प्रवेश करता है, तो यह इन्फ्लेमेशन का कारण बनता है।


इससे स्थिति और खराब हो जाती है। वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाईजेशन यह बताता है कि वायु प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य जोखिम बहुत अधिक बढ जाते हैं, कण नाक में जलन और सूजन पैदा कर सकते हैं। यह बहती नाक का कारण भी बन सकता है। वायु प्रदूषण फेफड़ों की क्षति और फेफड़ों के कार्य को बाधित करने से भी जुड़ा हो सकता है। वायु प्रदूषण हार्ट पर इन्फ्लेमेटरी प्रभाव डालता है, यह रक्तचाप को बढ़ा सकता है और हृदय की पहले से मौजूद बीमारी को बढ़ा सकता है। प्रदूषित हवा के लंबे समय तक संपर्क में रहने से मृत्यु का जोखिम काफी बढ़ जाता है। हृदय रोगों के प्रति संवेदनशील लोगों को अधिक जोखिम होता है।

ब्लैक कार्बन एरोसोल सूर्य के प्रकाश को अवशोषित करते हैं और वातावरण को गर्म करते हैं, जिससे ग्लोबल वार्मिंग में योगदान होता है। वे बर्फ और बर्फ को भी काला कर देते हैं, जिससे यह तेजी से पिघलता है, जिससे समुद्र के स्तर में वृद्धि और जलवायु परिवर्तन के अन्य प्रभाव हो सकते हैं। क्षेत्रीय वायु गुणवत्ता और जलवायु प्रभाव, ब्लैक कार्बन एरोसोल का प्रभाव एक समान नहीं होता है और क्षेत्रीय रूप से भिन्न होता है। उदाहरण के लिए, दक्षिण एशिया में, ब्लैक कार्बन वायु प्रदूषण में महत्वपूर्ण योगदान देता है और इसे क्षेत्रीय जलवायु पर प्रभाव के साथ मानसून प्रणाली में परिवर्तन से जोड़ा गया है।

ब्लैक कार्बन के उत्सर्जन को कम करने के उपाय किए जा सकते हैं जैसे कि स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देना, सौर और पवन ऊर्जा जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को अपनाने को प्रोत्साहित करने से जीवाश्म ईंधन को जलाने से निकलने वाले ब्लैक कार्बन की मात्रा को कम किया जा सकता है। परिवहन प्रणालियों में सुधार, इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने और सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों में निवेश करने से परिवहन से होने वाले उत्सर्जन को कम करने में मदद मिल सकती है, जो ब्लैक कार्बन का एक प्रमुख स्रोत है।

ठोस ईंधन के खुले में जलने को कम करें, लकड़ी, लकड़ी का कोयला और कृषि अपशिष्ट जैसे ठोस ईंधन को खुले में जलाने से ब्लैक कार्बन के उत्सर्जन को कम किया जा सकता है। उत्सर्जन नियंत्रण तकनीकों को लागू करें, औद्योगिक सुविधाओं और वाहनों पर फ़िल्टर और अन्य उत्सर्जन नियंत्रण तकनीकों को स्थापित करने से वातावरण में जारी ब्लैक कार्बन की मात्रा कम हो सकती है। ब्लैक कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए नई तकनीकों और प्रथाओं के अनुसंधान और विकास में निवेश करने से इसके प्रभावों को कम करने के नए तरीकों की पहचान करने में मदद मिल सकती है।

जन जागरूकता के जरिये ब्लैक कार्बन उत्सर्जन के नकारात्मक प्रभावों पर जनता को शिक्षित करने और अधिक स्थायी जीवन शैली विकल्पों को बढ़ावा देने से उत्सर्जन को कम करने और उनके प्रभावों को कम करने में मदद मिल सकती है। कुल मिलाकर, ब्लैक कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है जिसमें नीतिगत उपायों, तकनीकी प्रगति और व्यवहारिक परिवर्तनों का संयोजन शामिल होता है। इस समस्या को हल करने के लिये केवल सरकार तक केन्द्रित नहीं रह सकते, इसके लिये हमारी आपसी साझेदारी महत्त्वपूर्ण है। प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में जिम्मेदार भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हमें बेहतर आपदा प्रबन्धन के लिये समन्वय करना चाहिए।



**प्रियंका सौरभ**
हिसार
(हरियाणा)

## सामयिक : ब्रिटेन का शरणार्थी संकट

ब्रिटेन का समाज मुक्त व्यापार के फायदों और अपने देश की आर्थिक प्रगति से ज्यादा अप्रवासन की उन चुनौतियों से आशंकित है, जो पूर्वी यूरोप और गृह युद्ध से जूझ रहे अरब और अफ्रीकी देशों से आ रही हैं।

यहां के निवासियों को लगता था कि यूरोपीय यूनियन में ज्यादा समय तक बने रहने से न केवल उनका सांस्कृतिक और सामाजिक परिदृश्य बदल जाएगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों के सामने रोजगार और सुरक्षा का संकट भी गहरा सकता है। मुक्त आवाजाही को सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक उत्थान का माध्यम बनाने की यूरोपीय संघ की कोशिशों को ब्रिटेन ने ब्रेक्सिट के जरिए झटका दिया था, जो यूरोप के एकीकरण के सपनों के ध्वस्त होने जैसा था। पिछले 10 सालों में ब्रिटेन की राजनीति बहुत बदली है, जो वैश्विक मानवाधिकारों की रक्षा की नसीहतों को नजरअंदाज करने पर आमादा नजर आती है।

दरअसल, करीब 12 साल पहले ब्रिटेन की जनसंख्या के आंकड़े सामने आए तो परंपरावादी समाज में कड़ी प्रतिक्रिया देखी गई। इसके अनुसार ब्रिटेन की जनसंख्या छह करोड़ बत्तीस लाख बताई गई जिसमें ब्रिटेन के स्थानीय निवासियों का अनुपात 2001 की जनगणना के 87 फीसदी के मुकाबले घटकर 80 फीसदी रह गया। आंकड़ों के अनुसार इंग्लैंड और वेल्स में हर आठवां व्यक्ति विदेश में जन्मा है। ब्रिटेन के जनसंख्या अनुपात में पिछले 10 सालों में आए बदलाव के लिए मुख्य कारण अप्रवासियों का ब्रिटेन आना बताया गया। दिलचस्प है कि अवैध अप्रवासन का मार्ग ब्रिटेन में उस इंग्लिश चैनल को समझा जाता है, जो एक समय ब्रिटेन की सबसे बड़ी ताकत हुआ करता था। करीब 100 साल पहले ब्रिटिश नौसेना की समुद्री शक्ति का कोई मुकाबला नहीं था। ब्रिटिश साम्राज्य का निर्माण इसीलिए संभव हुआ कि रॉयल नौसेना ने यूरोप के आसपास विशेष रूप से चैनल और उत्तरी सागर के समुद्र पर निर्विवाद रूप से नियंत्रण हासिल किया था। इंग्लिश चैनल ब्रिटेन-यूरोप और उत्तर सागर-अटलांटिक, दोनों रास्तों में यातायात के साथ दुनिया के व्यस्तम समुद्री मागरे में से है।

**डॉ. ब्रह्मदीप अलूने**

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# चैत्र नवरात्रि के पहले दिन देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

चैत्र नवरात्रि की शुरूआत बुधवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके साथ ही मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने और माता की आराधना के लिए भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर श्रद्धालुओं के बीच खास उत्साह देखा गया। भक्तों ने मंदिर पहुंच कर मां के सीधा दर्शन किए और अपने परिवार की सुख- समृद्धि की कामना की। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री के स्वरूप की पूजा हुई। वहीं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री सरगुजा दौरे पर हैं। नवरात्र के पहले दिन स्वास्थ्य मंत्री महामाया मंदिर पहुंचकर मां के दर्शन किए।





बुधवार को जगत जननी मां दुर्गा की आराधना शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ प्रारंभ हुई। शहर के देवी मंदिरों में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। माता की एक झलक पाने के लिए सभी श्रद्धालु लालायित नजर आए। माता रानी के दरबार में माथा टेकने का सिलसिला सुबह से देर शाम तक चलता रहा। चैत्र नवरात्रि की शुरूआत बुधवार को भक्तिमय वातावरण में हुई। पहले दिन मां का विशेष श्रृंगार किया गया। शुभ मुहूर्त में ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। महामाया मंदिर, समलाया मंदिर, मां दुर्गा शक्तिपीठ गांधी चौक, संत हरकेवल मंदिर, काली मंदिर, रघुनाथपुर मंदिर, शीतला मंदिर सहित शहर के सभी देवी मंदिरों में माता की आराधना करने श्रद्धालु पहुंचे। मंदिरों में देवी भागवत कथा, दुर्गा सप्तसती का पाठ व भजन-कीर्तन किया जा रहा है।माता के मंदिर में मुख्य कलश स्थापित करने के बाद मंत्रोच्चारण के साथ ही विधिवत पूजन हुआ। इसके बाद सैकड़ों ज्योति कलश प्रज्वलित हुए। माता के दरबार में ज्योत जलाकर भक्त मनौती पूरी होने की कामना करते नजर आए। वहीं कई भक्तों ने अपने-अपने घरों में भी ज्योति कलश स्थापित कर पूजा अर्चना की। चैत्र नवरात्रि पर मंदिरों के पट पूरी तरह से श्रद्धालुओं के लिए खोले गए हैं। मां के दर्शन के लिए सुबह से ही महामाया मंदिर सहित दुर्गा मंदिर, गौरी मंदिर व अन्य मंदिरों में श्रद्धालओं की लंबी कतारें लगी हुई थी। नवरात्रि के प्रथम दिवस माता के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा की गई। शैलपुत्री का अर्थ पहाड़ों वाली माता होता है। माता के इस स्वरूप की पूजा से भक्तों की मुरादें पूरी होती हैं। सभी ने श्रद्धाभाव से मां के पहले रूप की पूजा-अर्चना कर अपने व परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की।

# अध्ययन भ्रमण पर आए 5 राज्यों की टीम ने अंबिकापुर के एसएलआरएम मॉडल को देखकर हुए प्रभावित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

भारत सरकार आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देश पर अंबिकापुर अध्ययन भ्रमण पर देश के 5 राज्य मिजोरम, मणिपुर, आसाम, नागालैंड एवं उत्तराखण्ड से 50 सदस्यीय दल पहुंचा है। बुधवार को स्वच्छ यात्रा में आए स्वच्छता दूत के कार्यशाला का शुभारंभ महापौर डॉ. अजय तिर्की एवं आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा किया गया। इनके द्वारा अंबिकापुर में चल रहे एसएलआरएम मॉडल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।






कार्यशाला में आयुक्त द्वारा अंबिकापुर में चल रहे एसएलआरएम मॉडल के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान महापौर ने जानकारी देते हुए बताया कि एसएलआरएम मॉडल प्रारंभ करने में यहां के जनप्रतिनिधियों व नागरिकों का सहयोग लिया गया। इनके सहयोग के कारण ही अंबिकापुर एसएलआरएम मॉडल सफल रहा। वहीं महापौर ने राज्यों से आए टीम को स्वच्छता दीदियों के बारे में भी बताया। महापौर ने टीम को जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता दीदियों के बिना यह मॉडल सफल नहीं हो पाता। कार्यशाला के उपरांत दल को एस एल आर एम केंद्र डीसी रोड, घुटरापारा गौठान एवं न्यू बस स्टैंड केंद्र का भ्रमण कराया गया। टीम में आए सदस्यों द्वारा अंबिकापुर मॉडल की सराहना करते हुए अपने क्षेत्र में लागू करने हेतु विस्तृत जानकारी ली और अपने क्षेत्र में चल रहे कार्य की जानकारी दी गई। यह भ्रमण गुरुवार को भी रहेगा। इस अवसर पर राज्य कार्यालय से डॉक्टर नितेश शर्मा, शिखा सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 69 लाख 36 हजार रुपए घाटे का बजट पेश करेगा नगर निगम

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



नगर निगम मेयर इन काउंसिल की बैठक बुधवार को महापौर डॉ. अजय तिर्की की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नगर निगम की आगामी सामान्य सभा में पेश करने के पूर्व निगम के बजट को एमआईसी द्वारा पास कर दिया गया। बैठक में वर्ष 2023-24 का प्रस्तावित बजट आय 3 अरब 61 करोड़ 87 लाख 84 हजार एंव व्यय 3 अरब 62 करोड़ 57 लाख 20 हजार का अनुमोदित किया गया है। इस प्रस्तावित बजट के अनुसार निगम ओवर ऑल 69 लाख 36 हजार घाटे का बजट पेश आगामी सामान्य सभा में पेश करेगी। जबकि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष और अधिक 40 लाख 41 हजार और घाटे का बजट पेश किया जाएगा। वर्ष 2023-24 का प्रस्तावित बजट को एमआईसी द्वारा पास किया गया। निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 4 अरब 44 करोड़ 22 लाख 90 हजार रूपए आय तथा 4 अरब 44 करोड़ 51 लाख 85 हजार रूपए व्यय का बजट पारित किया गया था। चालू वित्तीय वर्ष के लिए जो बजट पारित हुआ था वह 28 लाख 95 हजार रूपय के घाटे का बजट था परन्तु इस बार नगर निगम ने अपने बजट को 20 प्रतिशत से भी अधिक कम करते हुए आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 3 अरब 61 करोड़ 83 लाख 84 हजार रूपये के आय तथा 3 अरब 62 करोड़ 57 लाख 20 हजार रूपये के व्यय का बजट समान्य सभा में पेश करेगा। जो कि 69 लाख 36 हजार रूपये के घाटे का बजट है।

## एकल अभियान के तहत् राम तिल्कोत्सव हेतु निकला प्रभात फेरी

- संवाददाता -
रामानुजनगर, 22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



हिन्दू नव वर्ष पर आज हिन्दू संगठन के अनुषांगिक सगठन के द्वारा एकल अभियान के तहत राम - लक्ष्मण मे प्रति रूप लिये प्रभात फेरी निकाली गई जो रामानुजनगर षिवमंदिर से आरंभ होकर संपूर्ण नगर भ्रमण करते हुए षिवमंदिर परिसर मे वापस अकार प्रभात फेरी का समापन किया गया। प्रभात फेरी का संचालन एकल अभियान के अगुवा रामकेष्वर यादव के द्वारा किया गया प्रभात फेरी मे आरती की थाली लिय बहनों के द्वारा सभी को तिलक लगा कर हिन्दू नव वर्ष की शुभकानाओं सहित सभी की मंगल कामना की गई। इस प्रभात फेरी का मे विशेष रूप् मे तान सिंह सिरदार, राजेष साहू (मनेन्द्रगढ़) बोधन राम प्रजापति, कृष्णा राम प्रजापति, सुन्दरलाल, कांता सिंह, सुमती सिंह, मुनेष्वरी राजवाड़े सहित बड़ी संख्या मे एकल अभियान के सदस्य उपस्थित थें।



## नमन राजवाड़े बना बाल आरक्षक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस में तत्कालीन पदस्थ आरक्षक राजकुमार राजवाड़े के आकस्मिक निधन पर सम्पूर्ण कार्रवाई पूर्ण कर दिवंगत आरक्षक के पुत्र नमन राजवाड़े को बुधवार को अनुकम्पा नियुक्ति आदेश प्रदान कर बाल आरक्षक के पद पर पदस्थ किया गया। एसपी भावना गुप्ता ने अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा और परिवार को हर संभव सहयोग प्रदान करने का आवश्वासन दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रीडर अजीत मिश्रा सहित कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पूजा करने के दौरान पेट्रोल के डब्बे में लगी आग,पूजा कर रही महिला झूलसी,मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

पूजा करने के दौरान अगरबती का चिंगारी दुकान में रखे पेट्रोल के डब्बा में गिर गया। चिंगारी पेट्रोल के डब्बा में गिरते ही आग लग गई और पूजा कर रही महिला चपेट में आ गई। महिला अपनी जान बचाने के लिए वह घर में न जाकर दुकान के बाहर पड़े रेत के ढेर में चली गई और स्वयं रेत में लोट कर आग बुझाई। तबतक महिला आग से गंभीर रूप से झूलस चुकी थी। परिजन उसे इलाज के लिए अंबिकापुर मिशन अस्पताल में भर्ती कराया पर एक सप्ताह तक इलाज के बाद उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार रामपति पति मोहरलाल राजवाड़े उम्र 50 वर्ष उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पोतका की रहने वाली थी। इसके घर के सामने खुद का किराने की दुकान है। परिवार वाले दुकान में पेट्रोल रखकर बेचने का काम करते थे। 15 मार्च की सुबह रामपति पूजा कर रही थी। पूजा करने के दौरान अगरबती का चिंगारी दुकान में रखे पेट्रोल के डब्बा में गिर गया। चिंगारी पेट्रोल के डब्बा में गिरते ही आग लग गई और महिला चपेट में आ गई। इस दौरान महिला अपनी जान बचाने के लिए घर में न जाकर दुकान के बाहर रखे रेत के ढेर में जाकर लोटने लगी। वह किसी तरह स्वयं ही आग बुझाई। तब तक महिला गंभीर रूप से झूलस गई। वह घर के अंदर जाकर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## हत्या के प्रयास मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार,थाना भटगांव पुलिस की कार्यवाही



- संवाददाता -
सूरजपुर, 22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

दिनांक 28.02.2023 को भटगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम केवटाली जंगल में डोमनहील चिरमिरी निवासी रोहित सिंह और उसके साथियों के द्वारा रास्ता रोककर भाजयुमो के मण्डल अध्यक्ष अमन प्रताप सिंह व उसके साथियों को जान से मारने की धमकी देकर राड से प्राणघातक हमला किया गया। प्रार्थी अखण्ड प्रताप सिंह की रिपोर्ट पर थाना भटगांव में धारा 341, 147, 148, 149, 506बी, 324, 323, 307, 115, 120बी भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पूर्व में मामले के आरोपी संजय अग्रवाल, चंदन उर्फ चंद्रप्रकाश शर्मा व आफताब खान उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया गया था और अन्य आरोपी की पतासाजी की जा रही थी।


पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन में थाना भटगांव की पुलिस आरोपी की पतासाजी में लगी थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी राकेश चौहान पिता श्रीमान सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी डोमनहील, चिरमिरी, थाना चिरमिरी जिला एमसीबी को पकड़ा गया और विधिवत् गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव शरद चन्द्रा, थाना प्रभारी चिरमिरी कमलकांत शुक्ला, एसआई सी.पी.तिवारी, एएसआई गुरू प्रसाद यादव, आरक्षक रौशन सिंह, नौशाद, शैलेश व प्रकाश सक्रिय रहे। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना चिरमिरी की पुलिस टीम ने भी पूर्ण सहयोग किया।

## विद्युत विभाग रामानुजनगर की अजीब कहानी “ना आंधी -ना पानी फ्रि भी सभी को परेशानी”

» विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था

- संवाददाता -
रामानुजनगर,22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कहने को तो रामानुजनगर क्षेत्र मे विद्युत प्रदान करने वाली कंपनी के द्वारा टाऊन फ्डिर से विद्युत प्रदान किया जा रहा हैं किन्तु इसकी व्यवस्था पहाड़ी अंचल से भी अधिक खराब हैं आये दिन नही यहाँ तो हर घंटे बिजली चली जाती हैं जिससे विभाग पर लाईन सुधार के कार्य पर कई प्रकार के प्रष्च चिन्ह लगते हैं क्योकि आये दिन इनके द्वारा समाचार पत्रों मे प्रकाषित किया कि फ्ला दिन इतने बजे से इतने बजे तक लाईन मेन्टेनेस के नाम पर विद्युत कटैती रहेगी किन्तु विभाग के द्वारा क्या मेंन्टेनेस किया जाता हैं उसका पता दूसरे दि नही चल जाता हैं जब हर आधा घंटे मे लाईट चली जाती हैं यदि पूर दिन की विद्युत कटौती के समय को नोट किया जावे तो इनके द्वारा प्रति दिन कई घंटे की आघोषित विद्युत कटौती किया जा रहा हैं जिससे सबसे अधिक परीक्षा देने वाले विद्यार्थीयों को परेषानियों का समाना करना पड़ता हैं क्योकि अभी लगभग सभी कक्षाओ की परीक्षा चल रही हैं। इसके अलावा व्यापारी वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा हैं जब भी विभाग के द्वारा जारी नम्बर पर पुछने पर आगे से कट हैं यह कर अपना पल्ला झाड़ लिया जाता हैं, इस पर पूर्व मे कई बार व्यापारी संध, आम जनता के द्वारा चक्काजाम किया गया था जिस पर विभाग के द्वारा व्यवस्था सुधारने का आस्वासन दिया गया था किन्तु स्थिती जस का तस या फ्रि बोला जा सकता हैं पहले से बदत्तर हो गया हैं। विद्युत विभाग के इस प्रकार के कार्य प्रणाली पर पूर्व मंत्री स्व. तुलेष्वर सिंह का जमाना याद आता हैं जब व्यवस्था चुस्त व दुरूस्त हुआ करता था।




# ताइक्वांडों का प्रशिक्षण पाकर बालिकाओं का बढ़ रहा आत्मविश्वास

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

शासन की योजनाओं से बालिकाओं एवं महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने हमर बेटी हमर मान कार्यक्रम का संचालन राज्य स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आईजी राम गोपाल गर्ग के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में सरगुजा जिले में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान कर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का लगातार प्रयास हिम्मत कार्यक्रम द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को उदयपुर छेत्र में अडानी विद्या मंदिर में 1 महीने तक विद्यालय में अध्ययनरत लगभग 200 बालिकाओं को ताईक्वांडो एवं मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण देकर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। समापन समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप सभी बालिकाएं इस कार्यक्रम के माध्यम से अपनी और समाज कि रक्षा कर पाने में सक्षम होंगे ये प्रशिक्षण आपके जीवन में कई विपरीत परिस्थितियों में काम आएगा। प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद भी आप निरंतर अभ्यास करते रहे दृढ संकल्प से विपरीत परिस्थिति में भी भयभीत ना हो हिम्मत कार्यक्रम द्वारा बच्चियों को बिना झिझक के पुलिस के पास पंहुचा पाना हमारी उपलब्धि होंगी। आप सभी बच्चियों को मोटिवेटेड देखकर हमें गर्व होता हैं, आप



सभी बड़े लक्ष्य तय कर उसे साधना सीखे साधन की कमी कभी भी आपकी समस्या नहीं बनेगी जुझारू बनकर अपना लक्ष्य प्राप्त करें सफलता कई प्रयासों से प्राप्त होती हैं, सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता हैं। हिम्मत कार्यक्रम में बालिकाओं को गुड टच बैड टच, पोक्सो एक्ट, जेजे एक्ट सहित कई विधिक जानकारी, साइबर क्राइम से सम्बंधित जानकारी व बचाव एवं छत्तीसगढ़ पुलिस की महिला सुरक्षा सम्बन्धी अभिव्यक्ति ऐप के सम्बन्ध मे जानकारी दी गई एवं महिलाओ एवं बच्चियों से अभिव्यक्ति ऐप के महिला सुरक्षा हेतु कारगर होना बताकर डाउनलोड कराया गया, हिम्मत कार्यक्रम से अब तक 1400 से अधिक बच्चियां को हिम्मत कार्यक्रम के द्वारा सशक्त किया जा चुका हैं। कार्यक्रम समापन के पश्चात पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा थाना उदयपुर का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण दौरान थाना प्रभारी उदयपुर से लंबित मामलो के सम्बन्ध मे जानकारी ली गई साथ ही रोजनामचा के अधतन इंट्री चेक कर सारे रिकॉर्ड दुरुस्त रखने हेतु निर्देश दिए गए, सीसीटीएनएस मे जानकारी अधतन दर्ज होना पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा संतोष जाहिर किया गया, अधिकारियो कर्मचारियों से गुजारिश पूछ्कर उनकी समस्याओ का तत्काल निवारण करने निर्देश जारी किये गए।

# आईएमएफ हुआ नाराज,पाकिस्तान सरकार को अब 'मित्र देशों' का ही आसरा

**इस्लामाबाद,22 मार्च 2023।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसका पाकिस्तान के लिए तुरंत ऋण की किस्तें जारी करने का कोई इरादा नहीं है। आईएमएफ ने मंगलवार को कहा कि ऋण पाने के लिए अभी पाकिस्तान को कई और कदम उठाने होंगे। आईएमएफ पाकिस्तान के लिए 6.5 बिलियन डॉलर का ऋण मंजूर कर चुका है। लेकिन ऋण की किस्तें पाने के लिए उसने जो शर्तें लगाई हैं, पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार उन पर पूरा अमल नहीं कर पाई है। इस बीच उसके एक कदम ने आईएमएफ को नाराज कर दिया है।

विश्लेषकों के मुताबिक आईएमएफ के ताजा बयान के बाद पाकिस्तान सरकार पर अपने मित्र देशों सहायता जुटाने का दबाव और बढ़ गया है। पाकिस्तान डिफॉल्ट ना करे (कर्ज चुकाने में अक्षम ना हो) इसके लिए उसे तुरंत अतिरिक्त विदेशी मुद्रा की जरूरत है। विश्लेषकों ने इस तरफ भी ध्यान दिलाया है कि पाकिस्तान दक्षिण एशिया में अकेला ऐसा देश है, जिसे ऋण देने में आईएमएफ की हिचक अभी तक बनी हुई है। जबकि वह बांग्लादेश और श्रीलंका के लिए कर्ज जारी करने का फैसला कर चुका है।



पाकिस्तान स्थित आईएमएफ की प्रतिनिधि एस्टर पेरेज रुइज ने कहा है- 'कुछ बिंदुओं के निपटारे के बाद पाकिस्तान को कर्ज देने के लिए स्टाफ लेवल (कर्मचारी स्तर का) करार हो सकता है।' पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशहाक डार ने पिछले हफ्ते कहा था कि आईएमएफ चाहता है कि पाकिस्तान को जिन देशों ने वित्तीय मदद देने का वादा किया है, आईएमएफ के ऋण देने से पहले वे अपने वादे पर अमल करें। सरकारी सूत्रों ने ध्यान दिलाया है कि अगले जून तक ऋण चुकाने के लिए पाकिस्तान सरकार को चार बिलियन डॉलर की अतिरिक्त विदेशी मुद्रा की जरूरत होगी।

आईएमएफ की शर्तों के मुताबिक पाकिस्तान सरकार ने कई सख्त कदम उठाए हैं। उनमें टैक्स बढ़ाना और ऊर्जा शुल्क में वृद्धि शामिल हैं। लेकिन पिछले दिनों शहबाज शरीफ सरकार ने अचानक दोपहिया और तिपहिया वाहनों के मालिकों के लिए पेट्रोलियम सब्सिडी का एलान कर दिया। उसके इस कदम से आईएमएफ नाराज हुआ है। रुइज ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान सरकार ने यह कदम उठाने के पहले आईएमएफ को इसकी जानकारी नहीं दी।

पेरेज ने कहा- 'आईएमएफ के कर्मचारी अब इस कदम के बारे में जानकारी इकट्ठी कर रहे हैं। वे इस पर अमल के तरीके, लागत, लाभार्थियों आदि के बारे में सूचना जुटा रहे हैं। वे जानना चाहते हैं कि इस योजना को लागू करने में धोखाधड़ी और दुरुपयोग से कैसे बचा जाएगा और इस पर जो खर्च आएगा उसकी भरपाई कैसे होगी। आईएमएफ के अधिकारी इस बारे में पाकिस्तान के अधिकारियों से बातचीत करेंगे।'

कराची स्थित आरिफ हबीब कंपनी में अनुसंधान विभाग के प्रमुख ताहिर अब्बास ने अखबार द न्यूज से बातचीत में कहा कि पेट्रोलियम सब्सिडी का एलान करने के पहले सरकार को आईएमएफ को भरोसे में लेना चाहिए था। उन्होंने कहा- 'इस सब्सिडी का परिणाम यह सकता है कि आईएमएफ का ऋण प्रोग्राम शुरू होने में और देर हो जाए।' विश्लेषकों के मुताबिक सरकार ने यह कदम उस समय उठाया, जब आईएमएफ से बातचीत चल रही है। इससे आईएमएफ के अधिकारियों को यह महसूस हुआ है कि उन्हें जानबूझ कर अंधेरे में रखा गया है।

# यूक्रेनी राष्ट्रपति से मिले जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, इन अहम मुद्दों पर हुई बातचीत



**नई दिल्ली,22 मार्च 2023।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा यूक्रेन के दौरे पर रहे। इस दौरान मंगलवार को उन्होंने यूक्रेन के राष्टपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से कीव में मुलाकात की। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने कई अहम मुद्दों पर बातचीत की, जिनमें रूस के यूक्रेन पर हमले की निंदा की गई। बता दें कि भारत दौरे के बाद जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा यूक्रेन दौरे पर गए थे।

**रूस की आक्रामकता का विरोध**

दोनों नेताओं की बातचीत के बाद जारी किए गए संयुक्त बयान में रूस की आक्रामकता की आलोचना की गई। बयान में कहा गया कि रूस की आक्रामकता अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, जो कि न्याय पर आधारित है, उसका उल्लंघन करती है। साथ ही यह यूएन चार्टर के मूलभूत सिद्धांत खासकर संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता, का भी उल्लंघन है। बयान में कहा गया कि यह यूरो अटलांटिक क्षेत्र की सुरक्षा और शांति के लिए सीधा खतरा है ही, साथ ही हिंद प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता के लिए खतरनाक है।

**जापान के पीएम के दौरे की टाइमिंग अहम**

फुमियो किशिदा और वोलोदिमिर जेलेंस्की दोनों देशों में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमत हुए। उन्होंने कहा कि रूस ने यूक्रेन के जिन क्षेत्रों पर कब्जा किया है, उन्हें मान्यता ना दी जाए और रूस यूक्रेन के पूरे क्षेत्र से सैनिकों की वापसी करे।

# लंदन में खालिस्तान समर्थकों के विरोध में उतरे भारतीय,हाथों में तिरंगा..बज रहे थे हिंदी गाने; लंदन पुलिस भी डांस करती आई नजर

**लंदन,22 मार्च,2023।** लंदन में भारतीय दूतावास पर मंगलवार को सैकड़ों भारतीय तीरंगा लेकर पहुंचे। इन सभी ने खालिस्तान समर्थकों के हंगामे और भारतीय झंडे के साथ दुर्व्यवहार के खिलाफ एकजुटता दिखाई।



भारत माता की जय के नारों के बीच हिंदी फिल्मी गाने भी बज रहे थे। कुछ युवा जोश में डांस भी कर रहे थे। इसी दौरान अचानक माहौल बदल गया, जब भीड़ को संभालने के लिए जुटी लंदन पुलिस का एक जवान भी भारतीयों के साथ गाने पर डांस करने लगा। इस पुलिसकर्मी ने एक लड़की से इंडियन डांस स्टेप्स भी सीखे। इस पुलिसकर्मी का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

मंगलवार को खालिस्तानियों की हरकत का विरोध करने के लिए जुटे लोगों में से एक ने कहा- कुछ लोग भारत और यहां अमन का माहौल बिगाडने की कोशिश कर रहे हैं। इन लोगों को जवाब दिए जाने की जरूरत है।

बता दें कि लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग के दफ्तर पर रविवार को सैकड़ों खालिस्तान समर्थकों की भीड़ जुटी थी। यह भीड़ अपने हाथ में कथित खालिस्तानी झंडे लिए हुए थी। भीड़ ने भारत में खालिस्तानी चरमपंथी अमृतपाल सिंह के खिलाफ चल रही कार्रवाई का विरोध किया था और दूतावास में तोडफ़ोड़ करने की कोशिश की थी। इस दौरान दूतावास की बिल्डिंग पर फहराए गए तिरंगे को उतार दिया गया था। इसी घटना का जवाब देने के लिए मंगलवार का आयोजन किया गया था।

# कर्ज मिलने के बाद श्रीलंका के लिए दूसरी बड़ी चुनौती,भ्रष्टाचार पर लगानी होगी रोक

**कोलंबो,22 मार्च 2023।** तीन बिलियन डॉलर का कर्ज जारी करने के फैसले के एक दिन बाद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने श्रीलंका को भ्रष्टाचार पर काबू पाने के लिए आगाह किया है। आईएमएफ ने इस बात की याद दिलाई है कि भ्रष्टाचार पर नियंत्रण की शर्त के साथ ही श्रीलंका के लिए कर्ज जारी किया गया है। आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने सोमवार को श्रीलंका के लिए मंजूर कर्ज को जारी करने का निर्णय लिया था।

श्रीलंका में आईएमएफ के मिशन के प्रमुख पीटर ब्रियूअर ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कर्ज पाने के लिए हुई बातचीत के दौरान श्रीलंका सरकार ने वादा किया था कि देश में कुछ महीनों के अंदर ही भ्रष्टाचार-निरोधक कानून बनाया जाएगा। उन्होंने कहा- 'हम आईएमएफ प्रोग्राम के केंद्रीय स्तंभ के रूप में भ्रष्टाचार निरोधक उपायों और शासन सुधारों के महत्त्व पर फिर से जोर डालना चाहते हैं।'





अन्य विश्लेषकों ने भी आगाह किया है कि श्रीलंका में बुनियादी सुधारों की जरूरत अभी भी बनी हुई है। वैसे सरकारी हलकों में फिलहाल उत्साह का माहौल है। सरकार के प्रवक्ता बंदुला गुनावर्धना ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि जब कैबिनेट की बैठक में राष्टपति रानिल विक्रमसिंघे ने आईएमएफ के फैसले की जानकारी दी, तो वहां खुशी की लहर दौड़ गई। कोलंबो में सरकार के समर्थकों ने आतिशबाजी भी की।

श्रीलंका के जाने-माने राजनीतिक विश्लेषक सरिंडा परेरा ने कहा है कि आईएमएफ के निर्णय से देश में निश्चित रूप से भावनात्मक माहौल बेहतर होगा। उन्होंने कहा- 'लेकिन असली परीक्षा अब यहां से शुरू होगी। अंतरराष्ट्रीय आर्थिक स्थितियां कठिन बनी हुई हैं।' उन्होंने कहा कि श्रीलंका का आईएमएफ के साथ रिकॉर्ड खराब रहा है। परेरा ने कहा- 'श्रीलंका को अब राजनीतिक और आर्थिक संस्थानों को दुरुस्त करने की दिशा में बढ़ना होगा। अगर वह नहीं हुआ, तो आईएमएफ का कर्ज बैंड-ऐड लगाने जैसा इलाज साबित हो कर रह जाएगा।'

फिलहाल श्रीलंका सरकार पर कर्ज देश के सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में 128 फीसदी हो चुका है। आईएमएफ ने कहा है कि कर्ज का इतना बोझ टिकाऊ नहीं हो सकता।

# पोर्न स्टार स्टॉर्मी के चक्कर में गिरफ्तार हो सकते हैं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप

**नई दिल्ली,22 मार्च 2023।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। मंगलवार को उन्होंने खुद अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी आशंका जताई। अब इसको लेकर पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल का बयान सामने आया है। स्टॉर्मी ने ट्वीट करके पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप का मजाक उड़ाया।

स्टॉर्मी ने एक ट्वीट में अपने फॉलोअर्स से पूछा, %बहुत खूब! यह एक खूबसूरत सुबह है। हमेशा से मेरा सपना रहा है कि मैं अपने खेत के बरामदे में कॉफी पीऊं और अपने भव्य घोड़े को चरते हुए देखूं। आज कुछ रोमांचक चल रहा है?% एक अन्य पोस्ट में, डेनियल्स ने ट्रंप को %छोटा% कहा। बताया कि अगर ट्रंप जेल जाते हैं तो वह सड़क पर चलेंगी नहीं, बल्कि नाचेंगी।

### अदालत में आरोप तय हो सकता है

ट्रंप पर एक आपराधिक मामले में अदालत आरोप तय कर सकती है। अगर ऐसा होता है कि अमेरिका के किसी भी पूर्व या वर्तमान राष्ट्रपति के साथ ऐसा पहला वाकया होगा। यह मामला पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल के साथ ट्रंप के संबंध का है।

मैनहट्टन के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने संकेत दिया है कि वह ट्रंप पर आरोप तय करने वाले हैं। ट्रंप पर यह आरोप तय हो सकता है कि उन्होंने एक पोर्न एक्ट्रेस स्टॉर्मी डेनियल्स को एक लाख 30 हजार डॉलर के भुगतान की बात छिपाई। यह भुगतान 2016 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले किया गया था। ट्रंप के वकील माइकेल कोहेन ने स्टॉर्मी को ये पैसे दिए थे।

### क्या है पूरा मामला?



दरअसल, पोर्न स्टार स्टॉर्मी का आरोप है कि ट्रंप ने नेवादा में एक सेलेब्रिटी गोल्फ टूर्नामेंट के दौरान उन्हें अपने होटल रूम में बुलाया था। ट्रंप ने स्टॉर्मी को टीवी स्टार बनाने का वादा किया था। स्टॉर्मी के मुताबिक, ट्रंप और उनके बीच यौन संबंध बने थे। हालांकि ट्रंप इस बात से इनकार करते रहे हैं कि उन्होंने स्टॉर्मी के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। उनका कहना है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। जुलाई 2007 में स्टॉर्मी डेनियल जब ट्रंप से मिली थीं, तब उनकी उम्र 27 साल थी और ट्रंप की 60 साल।

इस मामले पर फेडरल इलेक्शन कमीशन और फेडरल न्यूयॉर्क प्रोसिक्यूटर, दोनों ही गौर कर चुके हैं। हालांकि दोनों ने ही ट्रंप पर कोई एक्शन नहीं लिया था। अब मैनहट्टन की अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से मुख्य गवाह कोहेन होंगे। कोहेन अगस्त 2018 में ही अपना यह अपराध कबूल कर चुके हैं कि राष्ट्रपति चुनाव के दौरान उन्होंने फाइनैंशियल गड़बड़ी की थी। उन्होंने स्वीकार किया था कि स्टॉर्मी डेनियल को पैसे देने में उन्होंने मदद की थी। यही नहीं, उन्होंने प्लेबॉय की एक पूर्व मॉडल को पैसे देने की बात भी कबूली थी ताकि ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव अभियान में मदद ली जा सके। कोहेन ने कहा था कि यह सब उन्होंने ट्रंप के कहने पर किया था।

ट्रंप ने स्टॉर्मी से वादा किया था कि वह उन्हें ह्वष्ट के रियलिटी शो 'द अप्रेंटिस' में ले जाएंगे। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। इसके बाद सात अक्तूबर 2016 को द वॉशिंगटन पोस्ट ने एक टेप पब्लिश किया। उसमें एक लाइव माइक्रोफोन पर ट्रंप की बातचीत रिकॉर्ड की गई थी। ट्रंप यह कहते सुने गए कि वह किस तरह महिलाओं को दबोच लेते हैं।

इसके बाद स्टॉर्मी डेनियल ने नैशनल इंक्वायरर से संपर्क किया। द इंक्वायरस के प्रकाशक डेविड पेकर दरअसल ट्रंप के मित्र थे और उन्होंने कोहेन को इसकी जानकारी दे दी। कोहेन ने डेनियल के वकील को एक लाख 30 हजार डॉलर खुद देने की बात मान ली। चुनाव जीतने के बाद ट्रंप ने यह पैसा कोहेन को लौटाने के लिए खुद चेक साइन करके दिया था।

### अगले साल चुनाव, इसलिए फिर होने लगी चर्चा

अब यह मामला इसलिए भी गर्म हो गया है क्योंकि अगले साल अमेरिका में राष्ट्रपति पद का चुनाव होना है। ट्रंप एक बार फिर राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं और रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवार बनना चाहते हैं। ट्रंप का कहना है कि उन्हें राजनीतिक बदले की भावना के तहत इस मामले में निशाना बनाया जा रहा है और अगर उन्हें दोषी ठहराया गया तो इसी मुद्दे पर वह अपने समर्थकों को गोलबंद करेंगे। ट्रंप ने शनिवार को कहा था कि मंगलवार को उन्हें अरेस्ट किया जा सकता है। उन्होंने इसके खिलाफ प्रदर्शन करने की अपील की थी।

# क्रिकेट खेलकर लौट रहे नेता की कार पर रॉकेट से हमला,10 लोगों की गई जान



**इस्लामाबा,22 मार्च, 2023।** पड़ोसी देश पाकिस्तान में सियासी उथल-पुथल के साथ-साथ आंतरिक हालात भी ठीक नहीं हैं। एबटाबाद में मुख्य विपक्षी पार्टी पीटीआई के एक स्थानीय नेता, आतिफ मुंसिफ खान की एक प्रतिद्वंद्वी समूह द्वारा लक्षित हमले में हत्या कर दी गई है। इस हमले में कुल 10 लोगों की जान चली गई है।

एबटाबाद के डीपीओ उमर तुफैल ने बताया है कि हवेलियां तहसील के मेयर आतिफ एक कार में यात्रा कर रहे थे, तभी घात लगाए दहशतगर्दों ने उनकी कार के ईंधन टैंक में गोली मारी, जिससे आग लगते ही कार ब्लास्ट हो गया। इस हमले में कार पूरी तरह से खाक हो गई। दो घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। पोस्टमॉर्टम के लिए शवों को एबटाबाद जिला मुख्यालय अस्पताल भेजा गया है। खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी, लेकिन पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। कुछ अपुष्ट रिपोर्टों में दावा किया गया है कि आतिफ की कार पर रॉकेट से हमला किया गया था।


बता दें कि आतिफ मुंसिफ ने 2022 में खैबर पख्तूनख्वा स्थानीय निकाय चुनाव में एबटाबाद की हवेलियन तहसील से एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी और बाद में पीटीआई में शामिल हो गए थे। उनके पिता, मुंसिफ खान जादून, केपी विधानसभा के पूर्व सदस्य थे और प्रांतीय मंत्री थे। 1990 के दशक में उनकी भी हत्या कर दी गई थी। डॉन के मुताबिक, हमले के बाद मुंसिफ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें अपनी मौत से कुछ घंटे पहले लंगड़ा गांव में बच्चों के साथ क्रिकेट खेलते देखा जा सकता है।

# बसंत के मौसम में क्यों पतझड़ जैसा माहौल है नेपाल की होटल इंडस्ट्री में?

**काठमांडो ,22 मार्च 2023।** नेपाल में वसंत का मौसम आ चुका है, लेकिन देश की होटल इंडस्ट्री सैलानियों के इंतजार में है। होटल इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि होटलों में रूम खाली पड़े हुए हैं, जबकि पहले इस सीजन में यहां हिमालय की घाटी में घूमने-फिरने और पहाड़ पर ट्रैकिंग करने के शौकीन लोगों की भीड़ लग जाती थी।

दो हजार से ज्यादा होटलों की संस्था होटल एसोसिएशन नेपाल के उपाध्यक्ष विनायक शाह ने बताया कि होटलों में एक चौथाई कमरे खाली पड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के पहले की स्थिति से तुलना की जाए, तो सिर्फ 50 फीसदी रिकवरी (सुधार) ही हुई दिखती है। शाह ने अखबार काठमांडू पोस्ट को बताया- 'हमने इस इंडस्ट्री में ऐसे स्लो डाउन की अपेक्षा नहीं की थी। छोटे और मध्य आकार के कमरों में से भी 20 प्रतिशत खाली पड़े हुए हैं।'

एसोसिएशन ने सरकार से राहत की मांग की है। उसके अध्यक्ष श्रीजना राना ने कहा है- 'इंडस्ट्री की हालत में सुधार हो रहा है, लेकिन अगर सरकार सोचती है कि स्थिति बिल्कुल ठीक हो गई है, तो ऐसा नहीं है।' जानकारों के मुताबिक 2017 के बाद से नेपाल की होटल इंडस्ट्री में निवेशकों ने बड़ी मात्रा में पैसा लगाया। अरबों रुपये के निवेश से दर्जनों नए होटल बनाए गए। उस समय तक देश में सिर्फ चार 4-स्टार होटल थे। अब यह संख्या तकरीबन 20 हो चुकी है। अभी कई ऐसे होटलों का निर्माण जारी है। भैरहवा स्थित सिद्धार्थ होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश श्रेष्ठ के मुताबिक देश में इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण की लहर आई थी। अब जरूरत सैलानियों को आकर्षित करने की है, लेकिन ऐसा लगता है कि सरकार में इसके लिए उत्साह नहीं बचा है। उन्होंने कहा- 'एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी बना। लेकिन उससे भैरवहा तक सैलानियों के आने में कोई वृद्धि नहीं हुई है। यह देखना होगा कि समस्या कहां है।' गौतम बुद्ध इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण यूनेस्को की तरफ से विश्व विरासत स्थल घोषित लुंबिनी से 20 किलोमीटर दूर हुआ है। लुंबिनी को भगवान बुद्ध का जन्म स्थान माना जाता है। यह स्थल पर्यटन के साथ-साथ व्यापार का भी प्रमुख केंद्र रहा है। उम्मीद जताई गई थी कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनने से सैलानियों की संख्या बढ़ेगी। लेकिन असल में ऐसा हो नहीं सका है।



विश्लेषकों के मुताबिक होटलों की संख्या तो तेजी से बढ़ी, लेकिन उसी अनुपात में कारोबार नहीं बढ़ा है। इसके अलावा दुनिया भर में आई महंगाई और आर्थिक समस्याओं का असर भी सैलानियों की संख्या पर पड़ा है। कॉरपोरेट अधिवक्ता गांधी पंडित ने काठमांडू पोस्ट से कहा कि महंगाई और ब्याज दरें बढ़ने का खराब असर सिर्फ होटल उद्योग पर नहीं, बल्कि तमाम तरह के उद्योगों पर पड़ा है।

CMYK

# निर्माणाधीन भवनों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश: कलेक्टर

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



कलेक्टर कुंदन कुमार ने बुधवार को लखनपुर, उदयपुर एवं लुण्ड्रा जनपद के चयनित गोठानों में रीपा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने रीपा केन्द्रों में स्थापित होने वाले विभिन्न औद्योगिक इकाइयों एवं निर्माणाधीन भवनों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने लखनपुर जनपद के अंतर्गत आने वाले कुंवरपुर, उदयपुर के जजगा तथा लुंड्रा जनपद के बटवाही गोठान में रीपा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोठान में बन रहे निर्माणाधीन भवनों को तेज़ी से बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 24 मार्च तक निर्माणाधीन भवन और शेड को पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही परिसर में साफ़-सफ़ाई और गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

ज्ञातव्य है कि 25 मार्च को रीपा केन्द्रों का वर्चुअल उद्घाटन मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा किया जाएगा। इसके मद्देनज़र ज़िले में सभी रीपा गोठानों में सभी प्रकार के निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। सभी गोठानां को समय-सीमा में पूर्ण करने के विशेष निर्देश दिये गए हैं। गोठान के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों, महिलाओं और युवाओं के लिए रोज़गार की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, एसडीएम श्रीमती शिवानी सहित जनपद सीईओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## समाधान शिविर में स्कूली बच्चों को दिया गया प्रमाण पत्र

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।





बतौली जनपद के ग्राम पंचायत माजा में बुधवार को विकासखंड स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूली बच्चों को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसके साथ ही महिलाओं को सिलाई मशीन दिया गया।

शिविर में ग्राम पंचायत माजा और आसपास के ग्रामवासी शामिल हुए। शिविर में ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न मांगों एवं समस्या से संबंधित लगभग 182 आवेदन दिया गया। मौके पर ही अधिकांश आवेदनों का निराकरण किया गया जिससे ग्रामीणों को तत्काल राहत मिली। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही करने के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही विभागीय अधिकारियों के द्वारा विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है।

शिविर में एसडीएम रवि राही, डिप्टी कलेक्टर जेआर शतरंज, तहसीलदार आईसी यादव, एसएलआर उषा नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कुष्ट एव विकृति उन्मूलन हेतु स्वास्थ्य केन्द्र मे शिविर का आयोजन

- संवाददाता -
रामानुजनगर,22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

प्रदेश से कुष्ठ व विकृति उन्तुलन हेतु जिला से प्राप्त निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामानुजनगर आज जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरजपुर डॉ आर.एस. सिंह एवं जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. जे.एस. सरूता के उपस्थिती में खण्ड चिकित्सा अधिकारी रामानुजनगर डॉ डी.के. विश्कर्मा के नेतृत्व मे द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामानुजनगर के सभागार में राष्ट्यि कुष्ट उन्मूलन एवं शारीरिक विकृति दूर करने के सधन अभियान चला कर किस प्रकार कुष्ट रोगियों के लिए विकृति सुधार शिविर का आयोजन किया जावें जिन रोगियों की पहचान कर या पूर्व मे जिन रोगियों को कुष्ठ उपचार चल रहा हैं उन्हे दैनिक जीवन मे किन - किन बातों की सावधानिया बरतनी चाहिए। शिविर में कुष्ठ रोगियों को बताया गया कि उन्हे कभी नंगे पैर नही चलाना चाहिए उन्हे अपने पैरों को प्रतिदिन कुनकुनें नमक पानी मे डुबोकर सफाई करना चाहिए व कुष्ठ के जख्मों की सफाई व मलहम पट्टी किस प्रकार से करना चाहिए व आग आदि से सवाधानियों जैसे अनेक बातो को बताया गया साथ ही चिन्हीत रोगियों को नियमित नजदीक चिकित्सको को निरंतर संपर्क कर उचित परामर्ष के आधार पर दवाइयों का सेवन करना चाहिए जिससे कुष्ठ के प्रसार को रोका जा सके साथ ही साथ रोगियों का उचित उपचार का उन्हे स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो सके और कुष्ठ जैसे विकृत रोग को इस अमृत काल मे पूर्ण से समाप्त कर देश व प्रदेश को कुष्ठ मुक्त बना कर समाज को स्वस्थ्य व स्वच्छता के प्रति अपने कत्वर्यो के निर्वहन मे अपनी - अपनी भागीदारी प्रदान करें। उक्त शिविर मे मुख्य रूप से जिला कुष्ठ प्रभारी सुरेश गुप्ता,, ब्लाक कुष्ठ नोडल नूर अंसारी,सुपर वाईजर विजय सिंह, नरेन्द्र ठाकुर, बी.पी.एम. संदीप नामदेव, डी.एन भास्कार, गौलेन्द्र सिंह, तुलेश सिंह, हरिनंदन सिंह, अभिषेक जयसवाल, सहित बड़ी संख्या मे क्षेत्र मे स्वास्थ्य सेवाओं से जुडे मितानिनों , ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

# हाई स्कूल खेल मैदान में अतिक्रमण कर बना रहा मकान ग्रामीणों में आक्रोश तहसीलदार को ज्ञापन सौंप अतिक्रमण हटाए जाने की मांग

- संवाददाता -
लखनपुर,22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड के ग्राम कुसु में गांव के ही एक दबंग द्वारा शासकीय हाई स्कूल के खेल मैदान में अतिक्रमण कर मकान बनाया जा रहा है। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। तो वहीं ग्रामीणों के द्वारा 22 मार्च दिन बुधवार को लखनपुर तहसील कार्यालय पहुंच लखनपुर तहसीलदार श्रीमती गरिमा ठाकुर को ज्ञापन सौंप शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही दबंग चंदेश्वर रजवाडे के द्वारा हाईस्कूल मैदान में अतिक्रमण करते हुए उक्त शासकीय भूमि पर पक्के मकान का निर्माण कर रहा है। हाई स्कूल के भूमि पर ग्रामीणों के द्वारा चंदेश्वर रजवाड़े को मकान बनाने से मना किया गया जिसके बाद वाह नहीं माना ग्रामीणों ने इसकी शिकायत सरपंच सचिव से की शिकायत उपरांत सरपंच सचिव भी मौके पर पहुंचे और मकान बनाए जाने से मना किया। शासकीय हाई स्कूल के भूमि पर मकान बनाए जाने से मना करने पर भी दबंग चंदेश्वर रजवाडे के द्वारा पक्के मकान का निर्माण किया जा रहा है। जिसे लेकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश है। आक्रोशित ग्रामीणों ने लखनपुर तहसील कार्यालय पहुंच तहसीलदार श्रीमती गरिमा ठाकुर को ज्ञापन सौंप शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि अगर उक्त हाई स्कूल के खेल मैदान से अतिक्रमण नहीं हटाया जाता हैं। तो आने वाले समय में हाई स्कूल का संचालन बंद कराकर चक्का जाम किया जाएगा। उक्त मामले को लेकर ग्रामीणों के द्वारा सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार से भी शिकायत की जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान मोहित सिंह, बबलू सिंह, पंच शिवकुमार, उपसरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# नंदकुमार कंवर जीत हासिल कर बने कोरबा जनपद के नये उपाध्यक्ष

- संवाददाता -
कोरबा,22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



कोरबा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष के पद पर नंदकुमार कंवर (विक्की) ने अपना कब्जा जमाया। श्रीमती कौशिल्या देवी वैष्णव को 12 मतों से परास्त कर नंदकुमार कंवर उपाध्यक्ष चुन लिए गए है। उपाध्यक्ष चयन को लेकर छत्तीसगढ़ पंचायत (उपाध्यक्ष) निर्वाचन नियम,1995 के नियम 12 के उपनियम (1) के अनुसरण में चुनाव संपन्न कराया गया। वही उपाध्यक्ष पद के लिए एक बार फिर कौशिल्या देवी मैदान पर उतरी। वहीं दूसरी ओर नंदकुमार कंवर ने भी उपाध्यक्ष के लिए दावा ठोका था। दोनों के बीच उपाध्यक्ष की कुर्सी को लेकर चुनाव कराया गया। विहित प्राधिकारी सेवा राम दीवान ने उपाध्यक्ष का निर्वाचन जनपद पंचायत कोरबा का सम्मिलन 22 मार्च को 11 बजे जनपद पंचायत कोरबा के सभा कक्ष पर कराया। जहां नंदकुमार कंवर ने जीत हासिल कर बने कोरबा जनपद उपाध्यक्ष ज्ञात रहे कि इससे पूर्व जनपद पंचायत कोरबा के सदस्यों ने कौशल्या देवी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अविश्वास प्रस्ताव लाया था। अविश्वास प्रस्ताव भी कौशल्या देवी नहीं बचा पाई थी। और करारी हार का सामना करना पड़ा था। पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों के तहत अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के लिए कुल वैद्य मतों में से दो तिहाई मत से अधिक आवश्यक थी। उपाध्यक्ष श्रीमती कौशिल्या देवी वैष्णव को जनपद उपाध्यक्ष पद से हटाने के लिए 24 वैद्य मतों में से 17 मतों की जरूरत थी लेकिन इससे भी अधिक 18 सदस्य ने कौशिल्या देवी वैष्णव के खिलाफ मतदान किया। इस बार भी उपाध्यक्ष चुनाव में उन्हें करारी शिकस्त झेलनी पड़ी है।

# 01 अप्रैल से शुरू होगा सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण

**सर्वेक्षण हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में गठित होगा प्रगणक दल**

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर त्वरित अमल करते हुए आगामी 01 अप्रैल 2023 से छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य शुरू होगा। सर्वेक्षण के लिए जनपद स्तर से रिजर्व सुपरवाईजर तथा सुपरवाईजर द्वारा ग्राम पंचायतों के लिए रिजर्व टीम सहित प्रगणक दल का गठन किया जाएगा जिसमें एक पुरूष व एक महिला सदस्य शामिल होंगे। सर्वेक्षण कार्य को एक माह में पूरा करना होगा। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य विगत वर्षो में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जनसामान्य के जीवन पर स्तर पर पड़े प्रभाव का आकलन कर प्राप्त डाटा का भविष्य में योजनाओ का बेहतर क्रियान्वयन तथा नई योजनाओं के निर्माण हेतु उपयोग किया जाना है।

सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मार्गदर्शी निर्देश जारी कर दिया गया है। जारी दिशा-निर्देशानुसार सर्वे का संपूर्ण कार्य एप्प के माध्यम से किया जाएगा किन्तु समानांतर रुप से प्रपत्र की जानकारी हार्ड कॉपी में भी दर्ज की जाएगी। छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण हेतु परिवार की इकाई राशन कार्ड को तथा सर्वेक्षण हेतु बेसिक डाटा खाद्य विभाग द्वारा बनाए गए राशन कार्ड की जानकारी से प्राप्त किए जाने का निर्णय लिया गया है। ऐसे परिवार जिनके राशन कार्ड नहीं बने हैं उनकी सूची उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत की होगी। यदि कोई परिवार सर्वेक्षण में भाग नहीं लेना चाहते अथवा जानकारी नहीं देना चाहें तो इस आशय का प्रमाण पत्र लिया जाएगा। किसी ग्राम में सर्वेक्षण का कार्य संपन्न होने पश्चात ग्रामसभा की विशेष बैठक बुलाकर बैठक में सर्वेक्षण की पुरी जानकारी प्रदान कर ग्रामसभा से अनुमोदन प्राप्त किया जाएग। प्रत्येक ग्राम पंचायत से एकत्र सर्वेक्षण प्रपत्रों को उस ग्राम पंचायत के लिए पृथक फोल्डर बना कर जनपद पंचायत कार्यालय में सुरक्षित रखा जाएगा।

## कलेक्टर द्वारा कपिल देव यादव के आवेदन का निराकरण कर पहुँचाया गया राहत

- संवाददाता -
जशपुरनगर,22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल द्वारा जनदर्शन के माध्यम से आमजनों की समस्या का निराकरण कर उन्हें राहत पहुँचा रहे है। इसी कड़ी में बगीचा विकासखण्ड के ग्राम देवड़ाड़ निवासी श्री कपिलदेव यादव द्वारा प्राकृतिक आपदा के कारण दो गायों के मृत्यु हो जाने पर राहत राशि प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिस पर कलेक्टर डॉ. मित्तल ने आवेदन को संवेदनशीलता से लेते हुए एसडीएम बगीचा को आवेदक को जल्द से जल्द राहत पहुंचाने के निर्देश दिए थे। आवेदक ने कलेक्टर को जानकारी देते हुए बताया की बेमौसम बारिश एवं आकाशीय गाज गिरने के कारण उनके दो रास दुधारू गाय की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। इस संबंध में उनके द्वारा राहत राशि प्रदान करने हेतु कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। कलेक्टर डॉ. मित्तल के निर्देश के परिपालन में एसडीएम बगीचा द्वारा आवेदक कपिल के आवेदन का पूर्ण जांच कर उसको क्षतिपूर्ति राशि उसके खाते में भुगतान किया गया है।

## विकासखण्ड स्तरीय मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा प्रशिक्षण संपन्न



- संवाददाता -
उदयपुर,22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

विकासखण्ड उदयपुर अंतर्गत संचालित समस्त प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शालाओं के एक-एक शिक्षकों का दो दिवसीय मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा प्रशिक्षण दिनांक 20.03.2023 से 21.03.2023 तक सामुदायिक भवन उदयपुर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में शिक्षकों से व्यक्तिगत सुरक्षा, शाला सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा तथा विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले दुर्घटना एवं नुकसान से बचने के लिए अपने आसपास उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए विभिन्न उपायों एवं तरीकों के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। आपदाओं से निपटने मास्टर ट्रेनर्स एवं सभी शिक्षकों ने मॉक ड्रिल के साथ आपदा प्रबंधन के संबंध में बड़ी गहराई के साथ बचाव के तरीकों का अभ्यास किया जिससे कि प्रत्येक विद्यालय में इसे बच्चों को भी बचाव के उन तरीकों का सही अभ्यास कराया जा सके। इसके अतिरिक्त शाला से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर भी शिक्षकों व प्रशिक्षकों ने विस्तार से चर्चा परिचर्चा किया। सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री रविकान्त यादव ,सहायक विकासखण्ड अधिकारी श्री हेमप्रकाश साहू एवं खण्ड स्त्रोत समन्वयक श्रीमती उषा किरण बखला जी के निर्देशन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में प्रशिक्षण संचालक श्री बलराम खाण्डेकर, प्रशिक्षक श्री विपिन बिहारी गहवई, श्री जयन्त खानवलकर, श्री ऋषि पाण्डेय, श्री सुरित राजवाड़े एवं श्री अरविन्द कुमार ध्रुव का सराहनीय योगदान रहा।





## समूह की महिलाओं को दिया गया जैम व जैली बनाने का प्रशिक्षण

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार रीपा के तहत उद्यम स्थापित करने हेतु समूह की महिलाओं को अम्बिकापुर स्थित बॉयोटेक लैब में दिया जा रहा है।

वैज्ञानिक डॉ प्रशांत शर्मा ने बताया कि फ़ूड प्रोसेसिंग के अंतर्गत वर्तमान में मेण्ड्राकला के शक्ति स्व सहायता समूह की महिलाओं को जैम, जैली व आचार बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद गोठान में रीपा के तहत विभिन्न औद्योगिक इकाईयों में इसका उत्पादन होगा।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर लोगों को दिया जा रहा है स्वास्थ्य लाभ

- संवाददाता -
जशपुरनगर,22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले में शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। बगीचा विकासखण्ड क्षेत्र अंतर्गत् सन्ना के दतुनपानी पाठ, सुलेसा के भड़िया रोकड़ापाठ, पंडरापाठ के बरपाठ चुन्दापाठ, चम्पा के कवाई और छछ्ली के गंगाईकोना उकई में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लगभग 350 से अधिक लोगो को स्वास्थ्य लाभ दिया गया है और 50 से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। साथ ही स्वास्थ्य शिविर में 100 से अधिक लोगों का प्राथमिकता से टीकाकरण किया गया।




इसी प्रकार पिछ्ले 08 दिनों में स्वास्थ्य विभाग बगीचा के द्वारा 15 सास बहू सम्मेलन में 600 से अधिक नई पहल किट वितरण किया गया और 100 से अधिक आर.के.एस. के एक्टिविटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 02 रक्तदान शिविर में 41 यूनिट खून जमा, 5 पहाड़ी कोरवा स्वास्थ्य शिविर में 350 से अधिक पहाड़ी कोरवाओं को स्वास्थ्य लाभ दिया गया है।

# हत्या के सजा आरोपी ने लगाई महिला के घर में आग

### थाने पहुंची महिला

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

मामला राजपुर जनपद क्षेत्र के ग्राम चंद्रगढ़ से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम के ही राजकुमार गोड़ ने ग्राम पंचायत के ही महिला विमला मरकाम के घर में राजकुमार द्वारा आगजनी की गई।



गौरतलब है कि एक सजायाफ्ता मुजरिम जो 302 के केस पर सजा काट के ग्राम पंचायत चंद्रगढ़ में निवासरत है उनके द्वारा आए दिन ग्राम वासियों पर रौब जमाते हुए कि मैं मर्डर केस में सजा काट के आया हूं का कर अक्सर पीने के बाद धमकाने का कार्य करता रहता है बीते 20 तारीख को गांव में ही एक सामाजिक संस्था वहां पर भी वह शराब पीकर पहुंचा वहां पर हल्ला गुल्ला करने के पश्चात वापस अपन घर के पास जाते वक्त रास्ते में अपने नव निर्माण घर के बगल में घास फूस का घर बनाकर रहने वाले विमला मरकाम पति सुदामा राजवाड़े के साथ निवासरत है वहां अचानक घुसकर गाली गलौज करते हुए पहले कुर्सी थोड़ा रात को उस विषय पर ग्राम रखें पटेल द्वारा बैठक भी रखी गई थी वहां पर भी अपने रूम आपको दर्शाते हुए लोगों के साथ अपनी रोजगारी दिखा दे रहा तत्पश्चात दोपहर 3:00 आकर के विमला मरकाम के घर में गाली गलौज करते हुए कि तुम्हारा पति नेता है पत्रकार है किसके आग लगा दिया जिस पर देखते हुए तत्काल पानी धड़के उसे बुझाया गया उस पर मोहल्ले के ग्राम वासियों ने समझाइश दी गई मौजूद उसके ना मानकर अपने आपको जेल से सजायाफ्ता मुजरिम छूट कर आया हूं का कर गाली गलौज करता रहा कि मेरा कोई क्या उखाड़ लेगा हम तो 20 साल मर्डर केस में सजा काट के आया हूं जिस पर विमला मरकाम ने राजपुर थाने में अपनी प्राथमिक शिकायत दर्ज की गई अब देखना यह है की आरिफ को थाना समर्थन मिलता है या पीड़िता के साथ न्याय होता है।



CMYK

# विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर जिले में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का किया गया शुभारंभ

**» जिले में 563 हितग्राहियों ने कराया पंजीयन, 1500 एकड़ में होगा पौधारोपण**

- संवाददाता -
कोरबा,22 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के सभी जिलों में वर्चुअल रूप से किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का लाभ लेने वाले कई जिलों के हितग्राहियों से चर्चा भी की और उनको बधाई दी। मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के शुभारंभ अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कोरबा वन मंडल अंतर्गत ग्राम कोरकोमा में महापौर श्री राज किशोर प्रसाद के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। छत्तीसगढ़ महतारी की तैल चित्र पर माल्यार्पण व हितग्राही श्री सुशील आनंद की तीन एकड़ भूमि पर पौधरोपण के साथ ही कोरबा जिले में इस योजना के तहत पौधरोपण कार्य का शुभारंभ किया गया। कोरबा जिले में अब तक 563 हितग्राहियों ने अपना पंजीयन योजना के अंतर्गत कराया है। लगभग 1500 एकड़ में पौधरोपण किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत मिलिया डूबिया( मालाबार नीम), टिशु कल्चर बांस, चंदन, सागौन, क्लोनल नीलगिरी एवं अन्य आर्थिक रूप से लाभकारी पौधों का रोपण किया जाएगा। कोरकोमा में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्री राज किशोर प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। सरकार योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए काम कर रही है। इस योजना के तहत लाभ लेने वाले किसानों व अन्य हितग्राहियों को अपनी भूमि पर वृक्षारोपण करने से आने वाले समय में आर्थिक रूप से काफी मुनाफा होगा। पर्यावरण के लिए भी हितकारी होगा। कलेक्टर श्री संजीव झा ने कहा कि शासन की यह महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को 5 एकड़ तक भूमि पर पौधों के रोपण हेतु शत-प्रतिशत अनुदान मिलेगा। सभी वर्ग के सभी इच्छुक भूस्वामी इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कृषक या अन्य हितग्राहियों के निजी भूमि पर वाणिज्यिक प्रजातियों के वृक्षों का रोपण कर उनको लाभ देना है। इस योजना में हितग्राहियों से उत्पाद का वापस खरीद की व्यवस्था भी है। कोई भी हितग्राही अपने अनुपयोगी या रिक्त भूमि पर इस योजना के तहत पौधरोपण कर व्यावसायिक रूप से आय अर्जित करने में सक्षम हो सकता है। श्री झा ने कहा कि इससे हितग्राहियों को न केवल व्यवसायिक रूप से फायदा होगा बल्कि वृक्षारोपण से पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य की भी पूर्ति होगी। जिले में कोरबा और कटघोरा वन मंडल अंतर्गत 1500 एकड़ भूमि पर पौधरोपण के लिए हितग्राहियों की ओर से पंजीयन कराया गया है। श्री झा ने कहा कि जिले के लिए तय लक्ष्य को हासिल कर लिया गया है। अन्य हितग्राही भी लाभ लेने के लिए पंजीयन करा रहे हैं। मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने नेशनल ट्रांजिट पास सिस्टम की भी शुरुआत की। इसी तरह शहीद महेंद्र कर्मा सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को भुगतान हेतु राशि वितरण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में इसके अंतर्गत जिले के पात्र हितग्राहियों के लिए भी राशि भुगतान हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कोरकोमा में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, पुलिस अधीक्षक उदय किरण, डीएफओ अरविंद पीएम, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पांडे, एसडीओ आशीष खेलवार, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।






हितग्राही सुशील आनंद की भूमि पर पौधरोपण के साथ ही जिले में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ किया गया है। सुशील आनंद की रिक्त तीन एकड़ भूमि पर 360 सागौन, 160 चंदन और 150 बांस के पौधों का रोपण किया गया है। सुशील आनंद ने बताया कि यह शासन की अच्छी योजना है। इसमें शत-प्रतिशत अनुदान है वहीं पौधों के वृक्ष बनने के बाद उन्हें काटने के लिए किसी तरह की अनुमति लेने की भी जरूरत नहीं होगी। अगले कुछ वर्षों में ही उनको व्यवसायिक लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इसलिए इस योजना से जुड़ कर उन्हें खुशी हो रही है।

# हिंदू नव वर्ष के अवसर पर भव्य शोभायात्रा में जय श्रीराम की नारों से गूंज उठा कोरबा शहर

- संवाददाता -
कोरबा, 22 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

हिंदू नव वर्ष के अवसर पर हिंदू क्रांति सेना और सर्व हिंदू समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया । इस शोभायात्रा को लेकर कोरबा शहर वासियों सहित उप नगरीय क्षेत्रों के लोगों में भी गजब का उत्साह देखने को मिलढ्ढ है। विभिन्न प्रदेशों से आई झांकियों ने लोगों में रोमांच के साथ श्रद्धा का भाव भर दिया । शोभायात्रा के ठीक पहले मौसम ने अपनी बेरुखी दिखाई और मध्यम बारिश शुरू हो गई। बारिश के बाद भी आयोजको व नगर जनों का उत्साह कम नहीं हुआ और वह शोभायात्रा में शामिल हुए। कोसाबाड़ी से सर्व हिंदू समाज की शोभायात्रा झांकियों के साथ प्रारंभ किया गया, वहीं हिंदू क्रांति सेना की शोभा यात्रा सीतामढ़ी चौक से सुरु हुए। श्री राम जानकी मंदिर, सीतामढी में पूजा के पश्चात शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा के दौरान बच्चों से लेकर युवाओं और महिलाओं के जय श्रीराम के जयघोष से शहर गूंज उठा। शोभायात्रा में बच्चों युवाओं महिलाओं एवं समस्त नगरवासियों ने बढ़चढ़कर आगे आकर जय श्रीराम का नारे लगाते हुए यात्रा में हिस्सा लिया ढ्ढ वहीं दूसरी ओर अनेक व्यवसाई अपने प्रतिष्ठान बंद कर परिवार सहित इस शोभायात्रा में शामिल हुए । शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह स्वागत करने एवं शामिल लोगों को स्वल्पाहार, शरबत, पेयजल आदि का वितरण करने के लिए सेवाभावी एवं समाजसेवी तथा विभिन्न संगठनों के लोग बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।



# कलेक्टर झा ने समीक्षा बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर दिया आवश्यक निर्देश

**25 मार्च को होगा सभी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का लोकार्पण**

- संवाददाता -
कोरबा, 22 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

कलेक्टर संजीव झा ने पिछले दिनों मौसम में आए बदलाव के कारण हुई बारिश से संभावित फसल एवं जन-धन क्षति का आकलन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बारिश से फसल एवं अन्य क्षति का आकलन करने आरआई और पटवारियों की टीम लगाकर क्षेत्र सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री झा ने बारिश से प्रभावितों को फसल एवं जन-धन क्षति के पूर्ति के रूप में नियमानुसार मुआवजा वितरण करने के निर्देश आज आयोजित समय सीमा की समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिए। समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री झा ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में बन रहे 10 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा के अद्यतन कार्यों की समीक्षा करते हुए तेजी से सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश के सभी रीपा का 25 मार्च को लोकार्पण करेंगे। इस संबंध में सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किए गए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के विजेताओं को पुरस्कार की राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर श्री झा ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में विभिन्न स्तरों पर विजेता रहे जिले के प्रतिभागियों की सूची संकलित कर सभी विजेताओं के बैंक खातों की जानकारी भी एकत्रित करने के निर्देश जिला खेल अधिकारी और सभी जनपद सीईओ को दिए। समय सीमा की समीक्षा बैठक में डीएफओ कोरबा अरविंद पीएम, अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले, प्रदीप साहू, जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय सहित सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।



# वर्किंग वुमन हॉस्टल के संचालन के लिए मंगाए गए अभिरुचि में नहीं दिखी रुचि



- संवाददाता -
कोरबा,22 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

जिले के निजी व सरकारी संस्थानों में कार्यरत महिलाओं को शहर में किराए पर हॉस्टल सुविधा मुहैया कराने के लिए सुभाष चौक के निकट फल उद्यान के पीछे जिला खनिज संस्थान न्यास मद से 9.11 करोड़ की लागत से वर्किंग वूमेन हॉस्टल भवन तैयार किया गया है। इसके संचालन के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा । कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छात्रावास संचालन के लिए 17 मार्च तक अभिरुचि का प्रस्ताव आमंत्रित किया गया था। जिसमें एक भी संस्थानों ने रुचि नहीं दिखाई। लिहाजा अब आमंत्रित अभिरुचि के प्रस्ताव की मियाद आगे बढ़ानी पड़ेगी। जिले में बढ़ते औद्योगीकरण के लिहाज से महानगरीय तर्ज पर कामकाजी महिलाओं के लिए आवासीय हास्टल की सुविधा महसूस की जा रही थी। जिसे देखते हुए तत्कालीन कलेक्टर किरण कौशल के कार्यकाल में जिला खनिज संस्थान न्यास मद से वित्तीय वर्ष 2018 -19 में कामकाजी महिला छात्रावास भवन (वर्किंग वूमेन हॉस्टल) निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। सुभाष चौक के निकट फल उद्यान के पीछे स्थित भू -भाग में भवन तैयार करने क्रियान्वयन एजेंसी नगर पालिक निगम कोरबा के अनुबंधित फर्म मेसर्स विजय कुमार अग्रवाल को 9 करोड़ 11 लाख 12 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। लेकिन हैरान करने वाली बात है कि 4 साल बाद भी ऑन रिकार्ड भी यह भवन पूर्ण नहीं हो सका था । जिसका प्रमाण बाहर लगाए गए विवरण बोर्ड है जिसमें कार्य पूर्णता दिनांक -का कॉलम तारीख का इंतजार कर रहा था । नगर निगम द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग को भवन हैंड ओवर किए जाने के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों नें निरीक्षण के बाद हॉस्टल कैंपस में बचे छोटे-मोटे कामों को जल्द पूरा करने के निर्देश के साथ साफ सफाई कराई । तत्पश्चात प्रशासन सहित संबंधित विभाग हरकत में आया और 25 फरवरी को कामकाजी महिलाओं के लिए निर्मित सखी निवास छात्रावास के संचालन के लिए अभिरूचि का प्रस्ताव आमंत्रित किया गया।छात्रावास संचालन के लिए अभिरूचि का प्रस्ताव इच्छुक एनजीओ, महिला स्वसहायता समूह या पंजीकृत महिला संगठनों से 20 मार्च की दोपहर 03 बजे तक आमंत्रित किया गया था । प्रस्ताव स्पीड पोस्ट,रजिस्टर पोस्ट या व्यक्तिगत माध्यम से कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कलेक्टोरेट परिसर कोरबा के पते पर मंगाए गए थे । अभिरूचि का प्रस्ताव आवेदन का प्रारूप कोरबा जिले के वेबसाइट पर अपलोड किया गया था । अभिरूचि हेतु प्रस्तावित कार्य विवरण,अभिरूचि प्रस्ताव एवं शर्तें जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर प्रति आवेदन 500 रूपए शुल्क सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण मद में चालान जमा कर आवेदन प्राप्त किया जा सकता था। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग में 20 मार्च को दोपहर 03 बजे तक प्राप्त आवेदनों का मुहर बंद लिफाफा 20 मार्च को शाम साढ़े 4 बजे खोलढ्ढ जाना था लेकिन औद्योगिक जिला कोरबा के लिए यह अत्यंत निराशाजनक बातें रही कि तय मियाद में सखी निवास छात्रावास के संचालन के लिए एक भी फर्मों ने रुचि नहीं दिखाई लिहाजा अब आमंत्रित अभिरुचि के प्रस्ताव की मियाद आगे बढ़ानी पड़ेगी।

**आधार फाइनेंशियल कंसलटेन्सी**

सुविधाएँ : • पर्सनल लोन • बिजनेस लोन • प्रॉपर्टी लोन • होम लोन • जीवन बीमा • स्वास्थ्य बीमा • गाड़ी फाइनेंस • बैंकिंग ग्राहक सेवा केन्द्र

निःशुल्क फ्रेंचाइजी लेकर काम करने इच्छुक व्यक्ति भी संपर्क कर सकते हैं.

प्रमुख बैंकों व कई फाइनेंस कंपनियों द्वारा अधिकृत
**आधार फाइनेंशियल कंसलटेन्सी**
गुदरी गली, सेन्ट्रल बैंक के सामने अम्बिकापुर
मो.: 9993567065, 6232267065, 9754461011

Advt.B.19.3.23

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता

**ग्रामीण यात्रिकी सेवा संभाग सूरजपुर,जिला-सूरजपुर,छ0ग0**

Phone:- 0777-52666048 E-Mail ID: ee-res.surajpur@gov.in

**निविदा आमंत्रण सूचना द्वितीय बार**

क्र0/468/वलेलि/ग्रा.यां.से./जो.नि./2023-24 सूरजपुर,दिनांक 10/03/2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ''डी'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) | निविदा डाउनलोक करने की अंतिम तिथि | अमानत राशि सत्य स्त्यनिष्ठा संधि एवं तकनीकी दस्तावेज स्पीड पोस्ट से जमा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Zonal tender for civil construction under Janpad Panchayat-Surajpur] Bhaiyathan]Odgi] Pratappur] Ramanujngar, Premnagar Distt.Surajpur (C.G.) रूपए 4000000 लाख की परिधि में प्रति नग 10 लाख से कम लागत के | 40.00 लाख | 24.03.2023 | 28.03.2023 17.30 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विसतृत निविदा विाप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 13.03.2023 से कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर एवं विभागीय वेबसाईट https://cgres.cgeprocurement.gov.in प्राप्त की जा सकती है।

जी.नं.-99426/1

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग सूरजपुर,जिला-सूरजपुर

### न्यायालय तहसीलदार दरिमा, जिला-सरगुजा (छ0ग0)

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 ......../अ-6/22-23

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा कुमार सिंह आ0 स्व0 हरिहर सिंह एवं 05 अन्य निवासी ग्राम गेपी पोस्ट पोड़ी तहसील खड़गंवा जिला कोरिया द्वारा ग्राम कर्रा तहसील दरिमा स्थित भूमि खसरा नम्बर 743, 976, 1009, 1010, 1146,1245/2,1350,/1. कुल रकबा 1.2360 हे0भूमि है। उक्त वादभूमि आवेदक के मामा एवं नाना का राजस्व अभिलेख में मसधारी का नाम दर्ज है । जो कि मेरे मामा एवं नाना निःसंतान थे उनकी मृत्यु हो गई थी मृत्यु प्रमाण पत्र सलग्न । आवेदक नामातंरण की कार्यवाही संहिता की धारा 109-110 के तहत करने बावत आवेदन न्यायालय मे पेश किया गया है जो न्यायालय में विचारधीन है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 12.04.2023 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 16.03.2023. को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार दरिमा,सरगुजा छ0ग0

### न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,छ.ग.

**ईश्तहार**

20230302120054 / अ-20(3)/ 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि आवेदक संजय गोयल आ0 राजाराम गोयल आयु 60 वर्ष निवासी मोहल्ला बरेजपारा अम्बिकापुर थाना तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वत्व व आधिपत्य की मोहल्ला बरेजपारा नगर अम्किापुर शीट क्रमांक-08 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 2790/6 रकबा 0.021/2 डिसमिल भूमि/मकान को बैंक मे बंधक रखने की अनापति प्रमाण-पत्र प्रदाय करने संबधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है । आवेदन पत्र को साथ शपथ पत्र एवं मेन्टनेन्स खसरा एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति पेश किया गया है ।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दाया अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता को माध्यम से दिनांक- 21/ 04/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दाया-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक- 20/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा0प्र0क्र0 20230302120057/अ-.6/ 2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, अनुज कुमार गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता आ0 बृजमोहन प्रसाद, जाति- केशरवानी, निवासी- सदररोड़, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0, ने आवेदन प्रस्तुत कर कथन किया कि आवेदकगण एवं अनावेदकगण के पिता बृजमोहन प्रसाद गुप्ता आ0 स्व0 रामकिशन साव के स्वामित्व व हक की शीट नम्बर - 08, मोहल्ला- सदररोड़, नगर अम्बिकापुर, स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 2935/1, 2936/1, 2936/4, 2936/5 रकबा 0.011/3, 0.002/3, 0.013/4, 0.001/2 एकड़ भूमि है। बृजमोहन प्रसाद गुप्ता आ0 स्व0 रामकिशन साव की मृत्यु दिनांक 07.08.2020, को हो चुकी है। बृजमोहन प्रसाद गुप्ता आ0 स्व0 रामकिशन साव के द्वारा अपने जीवनकाल में पंजीबद्ध वसीयतनामा दिनांक 18.04.2047 के द्वारा वादभूमि को आवेदकगण को प्रदान कर दिया है। अतः भूधारक की मृत्यु होने के कारण उनका नाम विलोपित कर वसीयतनामा के आधार पर आवेदकगण का नाम नामान्तरण दर्ज किये जाने बावत आवेदन पत्र अंर्तगत धारा 109, 110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी ब्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा,/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-21/04/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा,/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-22/03/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02 जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़

रा0प्र0क्र0/अ-6-अ /2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तिलकेश्वर सिंह आ0 आर0पी0 राम, निवासी ग्राम नमनाकला, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के अंतर्गत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के द्वारा ग्राम रजपुरीखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 394 रकबा 0.227 हे0 दिनांक 28,/05,/2011 पंजीबद्ध विक्रयपत्र के माध्यम से क्रय किया गया था। क्रय उपरांत पंचायत प्रस्ताव क्र0 07 दिनांक 12,/09,/2011 के अनुसार नामांतरण कराया गया था। वर्ष 2011-12 के राजस्व अभिलेखों में आवेदक का नाम दर्ज था, परंतु वर्तमान राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश आवेदक का नाम छूट गया है। आवेदक द्वारा राजस्व अभिलेखों में हुए उक्त त्रुटि को सुधार करते हुए खसरा नंबर 394 रकबा 0.227 हे0 आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 19/04 / 2023 को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है या सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/03/2023 को मेरे न्यायालय के पदमुद्रा से जारी

सील — नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)उदयपुर,जिला-सरगुजा

रा.प्र.क्र./अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है. कि आवेदिकागण सुधा यादव पति बालेश्वर यादव, लक्ष्मी पुत्री गोपाल यादव दोनों जाति बरगाह निवासी अम्बिकापुर जिला सरगुजा द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम डुमरडीह तहसील उदयपुर, जिला- सरगुजा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 298/17 रकबा 0.040 है0 भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनाक 17.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उदयपुर सरगुजा

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा)उदयपुर,जिला-सरगुजा

रा.प्र.क्र./अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है. कि अनिता यादव पिता गोपाल यादव, जाति बरगाह निवासी महेशपुर तहसील उदयपुर जिला सरगुजा द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम डूमरडीह तहसील उदयपुर, जिला सरगुजा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 298 /16 रकवा 0,020 हे0 भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा-आपति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनाक 17.03.2023 को मेरे हरताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा0) उदयपुर सरगुजा

### न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला सरगुजा.(छ0ग0)

रा0प्र0क्र0- /ब-121 /2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संदीप कुमार गुप्ता आ0 ताराचन्द गुप्ता निवासी गांधीनगर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 4451/18 रकबा 0.019 है0 भूमि के ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 24.03.2023 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति् प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 27/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर सरगुजा छ0ग0

# 26 मार्च को खेला जाएगा डब्ल्यूपीएल का फाईनल मैच



## दर्शकों से खचाखच भरे ब्रबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा डब्ल्यूपीएल 2023 का फाइनल मुकाबला

**नई दिल्ली,22 मार्च 2023।** महिला प्रीमियर लीग के उद्घाटन सीजन का फाइनल मुकाबला रविवार यानी 26 मार्च को मुंबई के ब्रबोर्न स्टेडियम पर खेला जाएगा। यह मैच दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में खेला जाएगा क्योंकि सभी टिकट बिक चुके हैं। टिकटों की ऑनलाइन बिक्री मंगलवार की शाम शुरू हुई थी। टिकट की कीमत 250 रुपये रखी गई, जो कि मौजूदा सीजन में सबसे महंगी कीमत है। बीसीसीआई ने फाइनल के लिए कोई मुफ्त पास नहीं रिलीज किया है। पता हो कि दिल्ली कैपिटल्स ने पहले ही फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स से मुंबई इंडियंस या यूपी वॉरियर्स में से कोई एक टीम भिड़ेगी।

दिल्ली कैपिटल्स की टीम लीग चरण में अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर थी। नेट रन रेट बेहतर होने के कारण मेग लेनिंग के नेतृ्त व वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम फाइनल में पहुंची थी। इसके कारण मुंबई इंडियंस को एलिमिनेटर मैच खेलने के लिए बाध्य होना पड़ा है। मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स के बीच एलिमिनेटर मैच डीवाय पाटिल स्टेडियम पर शुक्रवार को खेला जाएगा।

बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स की टीम 1.856 के नेट रनरेट के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर काबिज है। मुंबई इंडियंस की टीम 1.711 के नेट रन रेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। यूपी वॉरियर्स 8 में से 4 मैच जीतकर तीसरे स्थान पर है। यूपी का नेट रन रेट -0.200 का है।

स्मृति मंधाना के नेतृत्व वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर दो जीत के साथ चौथे स्थान पर रही। मंधाना ब्रिगेड का नेट रन रेट -1.137 है। गुजरात जायंट्स की टीम 2 जीत के साथ पांचवें व अंतिम स्थान पर रही। गुजरात का नेट रन रेट -2.220 का रहा।

## सरबजोत सिंह ने एयर पिस्टल में स्वर्ण जीता



**भोपाल ,22 मार्च 2023।** भारत के सरबजोत सिंह ने आईएसएसएफ पिस्टल राइफल विश्व कप में पुरूषों के एयर पिस्टल वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत के पदकों का खाता खोला। भारत के वरूण तोमर को भी कांस्य पदक मिला। दो साल पहले टीम और मिश्रित टीम वर्ग में जूनियर विश्व चैम्पियन रहे सरबजोत ने अजरबैजान के रूस्लान लुनेव को 16 . 0 से हराया। उन्होंने इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में 585 अंक बनाये थे।

सरबजोत ने क्वालीफिकेशन सीरिज में 98, 97, 99, 97, 97, 97 का स्कोर किया। चीन के लियु जिनयाओ दूसरे स्थान पर रहे। रैंकिंग या एलिमिनेशन दौर में सरबजोत ने 253 . 2 और रूस्लान ने 251 . 9 अंक बनाये। वरूण 250 . 3 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे।

## मुंबई इंडियंस ने अमेरिकी टी 20 लीग में टीम खरीदी

**मुंबई ,22 मार्च 2023।** मुंबई इंडियंस ने अमेरिका में इस साल से होने वाले टी20 टूर्नामेंट 'मेजर लीग' में न्यूयॉर्क फ्रेंचाइजी के मालिकाना अधिकार हासिल किये हैं। एमआई ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि फ्रेंचाइजी का नाम 'न्यूयॉर्क एमआई' रखा गया है। छह टीमों के इस टूर्नामेंट में एमआई के अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) भी हिस्सा ले रही हैं। केकेआर ने लॉस एंजिलिस, सीएसके ने डालास और कैपिटल्स ने सिएटल ओरकास की टीमों के मालिकाना अधिकार हासिल किये हैं। टी20 लीग में दो अन्य टीमें वाशिंगटन डीसी और सैन फ्रांसिस्को की होंगी।



इस खरीद के साथ एमआई के पास चार देशों में कुल पांच टी20 टीमें हो गयी हैं। फ्रेंचाइजी के पास इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियंस, साउथ अफ्रीका टी20 लीग में एमआई केपटाउन और दुबई टी20 लीग में एमआई अमीरात के मालिकाना अधिकार हैं। मेजर लीग में न्यूयॉर्क की टीम को खरीदने पर नीता अंबानी ने कहा, हम अपनी नयी टीम का स्वागत करने के लिये रोमांचित हैं। अमेरिका में पहली क्रिकेट लीग में प्रवेश के साथ ही, एमआई परिवार लगातार बढ़ रहा है। हम मुंबई इंडियंस को निडर और मनोरंजक क्रिकेट के वैश्विक ब्रांड के तौर पर स्थापित करने में सक्षम होने की आशा करते हैं। यह एमआई के लिये एक और नयी शुरुआत है। हम आगे के रोमांचक सफर का इंतजार कर रहे हैं।

## ओडीआई वर्ल्ड कप 2023 को लेकर हुआ बड़ा खुलासा

**» 5 अक्टूबर से आगाज, अहमदाबाद में होगा फाइनल!**

**नई दिल्ली,22 मार्च 2023।** इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप को लेकर फैंस को बड़ी खुशखबरी मिली है। दरअसल, फैंस लगातार विश्वकप को लेकर तारीखों का इंतजार कर रहे हैं। इन सब के बीच 2023 वर्ल्ड कप को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। जानकारी के मुताबिक के वर्ल्ड कप का आगाज 5 अक्टूबर से हो सकता है। वही इसका समापन 19 नवंबर तक होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत के बड़े शहरों में ये मुकाबले खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें भाग लेंगी। जानकारी है कि 48 दिनों में 48 मुकाबले खेले जाएंगे। इसके साथ ही बीसीसीआई की ओर से एक दर्जन स्टेडियमों को इस टूर्नामेंट के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। फाइनल मुकाबला विश्व के सबसे बड़े स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा सकता है।



जिन शहरों को विश्वकप के मुकाबलों के लिए चयनित किया गया है उनमें अहमदाबाद के अलावा बेंगलुरु, चेन्नई, धर्मशाला, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, इंदौर, राजकोट और मुंबई शामिल है। हालांकि, अब तक आईसीसी की ओर से आधिकारिक तारीखों का ऐलान नहीं किया गया है। परंपरा के मुताबिक आईसीसी टूर्नामेंटों की तारीखों का ऐलान 1 साल पहले ही कर देता है। लेकिन बीसीसीआई को भारत सरकार से कुछ जरूरी मुद्दों पर मंजूरी मिलने का इंतजार है। पहला मुद्दा पाकिस्तान टीम के लिए वीजा तथा दूसरा टूर्नामेंट के लिए टैक्स में छूट के कुछ जरूरी बात हैं।

बीसीसीआई की ओर से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को वीजा मिलने का आश्वासन भी दिया गया है। टूर्नामेंट को लेकर अब तक कार्यक्रमों का ऐलान नहीं किया गया है। इन 48 मुकाबलों में 3 नॉकआउट मुकाबले में खेले जाएंगे जिसमें दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मुकाबला होगा। फिलहाल भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं हो सकी है। 2013 के बाद से दोनों ही टीमें आईसीसी इवेंट में खेलती रही है। एशिया कप को लेकर भी विवाद है। भारत-पाकिस्तान के संबंध भी अच्छे नहीं हैं। ऐसे में वीजा को लेकर कुछ दिक्कते आ रही हैं।

## लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल के लिये कसी कमर

**लखनऊ ,22 मार्च 2023।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 31 मार्च से शुरू होने वाले सत्र के लिये लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाड़ियों ने यहां अपने घरेलू मैदान पर अभ्यास शुरू कर दिया।




एलएसजी के 13 खिलाड़ी आज शाम इकाना स्टेडियम पहुंचे और शाम पांच बजे से तीन घंटे तक चलने वाले अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। मैदान पर आज पहुंचे खिलाड़ियों में मंयक यादव,मनन वोहरा,कृष्णप्पा गौथम,करन शर्मा,आयुष बडोनी, अमित मिश्रा,यश ठाकुर,स्वनिल सिंह,युद्धवीर सिंह,डेनिल सैम्स,दीपक हुडा और रवि विश्नोई शामिल थे।

इकाना के खूबसूरत मैदान पर एलएसजी अपना पहला मैच एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलेगी। पिछले साल आईपीएल में पदार्पण करने वाली एलएसजी ने शानदार प्रदर्शन करते हुये अपना सफर प्लेआफ तक पहुंचने के बाद खत्म किया था। कप्तान केएल राहुल की अगुवाई में टीम पहली बार अपने घरेलू मैदान पर सात मुकाबले खेलेगी।टीम के आज से शुरू हुआ अभ्यास सत्र 31 मार्च तक जारी रहेगा। इस दौरान टीम दो प्रैक्टिस मैच 24 और 27 मार्च को खेलेगी।

## आईपीएल 2023 से बाहर हुए श्रेयस अय्यर

**» सर्जरी के कारण लिया गया फैसला,**

**» इतने समय तक रहेंगे मैदान से दूर**

**नई दिल्ली,22 मार्च 2023।** भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ी श्रेयस अय्यर को लेकर बड़ा अपडेट आया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर होने के बाद श्रेयस अय्यर आईपीएल 2023 से भी बाहर हो गए है। पीठ के नीचले हिस्से में चोट के कारण वो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में हिस्सा नहीं ले सके थे। वहीं अब चोट के कारण उन्हें सर्जरी करानी होगी, जिसके लिए वो अगले चार से पांच महीनों तक वो खेल से दूर रहेंगे। सिर्फ आईपीएल 2023 ही नहीं बल्कि श्रेयस वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से भी बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में चौथे टेस्ट मैच को खेलते हुए श्रेयस अय्यर को बैक पेन की समस्या हुई थी। इसके बाद वो मैदान पर बल्लेबाजी करने भी नहीं आए थे। दर्द की शिकायत के बाद उन्हें स्कैन के लिए ले जाया गया था। इसके बाद से ही संभावना थी कि श्रेयस अय्यर को एकदिवसीय सीरीज के लिए नहीं चुना जाएगा,



जिसकी बाद में फील्डिंग कोच ने भी पुष्टि की है।

माना जा रहा है कि अय्यर की इंजरी गहरी है जिसे ठीक करने के लिए उन्हें सर्जरी से गुजरना होगा। ऐसे में सर्जरी से जूझने के बाद वो लंबे समय के लिए क्रिकेट के मैदान से बाहर हो सकते है। अगर श्रेयर अय्यर सर्जरी कराएंगे तो उन्हें रिकवर होने में पांच महीनों का समय लगेगा। उनके विश्व कप 2023 में हिस्सा लेने को लेकर अब तक कोई अपडेट नहीं आया है। माना जा रहा है कि वो विश्व कप तक रिकवर होकर मैदान पर लौट सकते है।

आईपीएल टीम मुश्किल में

गौरतलब है कि श्रेयस अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स कप्तान हैं। ऐसे में उनका क्रिकेट के मैदान से चार-पांच महीने दूर रहना टीम के लिए काफी मुश्किल भरा हो सकता है। इसके अलावा सात जून से लंदन में खेली जाने वाली वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप से भी उनके नदारद रहने की संभावना है। माना जा रहा है कि श्रेयस अय्यर लंदन में सर्जरी कराने जाएंगे।

हालांकि अभी सर्जरी कराए जाने को लेकर परामर्श किया जा रहा है।

बता दें कि श्रेयर अय्यर न्यूजीलैंड के खिलाफ भी एक दिवसीय सीरीज का हिस्सा नहीं बन सके थे। पीठ की चोट के कारण वो मैदान से बाहर बैठने को मजबूर हुए थे। टी20 विश्व कप के दौरान भी चोटिल होने के कारण उन्होंने हिस्सा नहीं लिया था। इससे पहले ऋषभ पंत एक्सीडेंट के कारण रिकवर हो रहे है। वहीं जसप्रीत बुमराह की इंजरी से पहले ही जूझ रही थी और अब अय्यर की चोट ने मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

## विलियमसन ने टेस्ट रैंकिंग में हासिल किया दूसरा स्थान

**अश्विन नंबर वन गेंदबाज**

**नई दिल्ली,22 मार्च 2023।** श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में दोहरा शतक लगाने वाले केन विलियमसन को आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में फायदा हुआ है। विलियमसन टेस्ट बल्लेबाजी की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन काबिज हैं। विलियमसन ने इस सीरीज में छठा दोहरा शतक लगाया।

गौरतलब हो कि ताजा जारी हुई टेस्ट रैंकिंग में विलियमसन को कुल 51 रेटिंग अंकों का फायदा हुआ है। अब विलयमसन का कुल 883 अंक हो गया है। वह लाबुशेन से मजह 32 अंक पीछे हैं। लाबुशेन के कुल 915 हैं। स्टीव स्मिथ (3), जो रूट (4), बाबर आजम (5) और ट्रैविस हेड (6) सभी एक स्थान नीचे खिसक गए हैं, जबकि श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने (10वें) स्थान पर हैं। करुणारत्ने ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में तीन अर्धशतक लगाए हैं।

ऋषभ पंत 9वें स्थान पर

बात की जाए भारतीय बल्लेबाजों की तो ऋषभ पंत 9वें स्थान पर हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को दो स्थान का नुकसान हुआ है। वह 10वें स्थान से 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच में शतक लगाने वाले विराट कोहली 13वें स्थान पर हैं।

गेंदबाजी में रविचंद्रन अश्विन पहले स्थान पर

टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में भारत के हरफनमौला खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन पहले स्थान पर हैं। इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन दूसरे, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस तीसरे, कागिसो रबाडा चौथे स्थान पर, पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी पांचवें स्थान पर मौजूद हैं। भारत के जसप्रीत बुमराह सातवें और रवींद्र जडेजा 9वें पायदान पर हैं।

जून में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल होगा। यह फाइनल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाएगा। 2021 में न्यूजीलैंड ने विलियमसन की कप्तानी में भारत को हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती था।

## निया शर्मा और सुनील शेट्टी ने लगाए ठुमके

नागिन 4 की अभिनेत्री निया शर्मा ने बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी के साथ काम करने और वेब सीरीज हंटर- टूटेगा नहीं तोड़ेगा से नेहा कक्कड़ द्वारा गाए गए लेटेस्ट ट्रैक दइया दइया का हिस्सा बनने के अपने अनुभव को साझा किया। निया ने साझा किया कि उन्हें सुनील के साथ काम करने में मजा आया और वह उनकी फिटनेस देखकर प्रभावित हुईं। अभिनेत्री निया शर्मा ने कहा कि यह गाना एनर्जी से भरपूर है और यह उन सबसे मजेदार और चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं में से एक है, जिनका मैं हिस्सा रही हूं। महान अभिनेता सुनील शेट्टी के साथ काम करना निश्चित रूप से एक खुशी की बात थी मैं उनकी फिटनेस और उनके कुल लक्ष्यों से अचंभित हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक ट्रैक को पसंद करेंगे और इसके लिए अपना प्यार दिखाएंगे।




वेब सीरीज में एसीपी विक्रम सिन्हा की भूमिका निभाने वाले सुनील ने कहा कि दइया दइया, एक गाने के रूप में शो में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और मैंने इसका हिस्सा बनकर आनंद लिया है। डांस स्टेप्स और संगीत रहस्यपूर्ण है और मुझे यकीन है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे।

दूसरी ओर, नेहा ने गाने के बारे में भी बात की और दर्शकों को यह क्यों पसंद आएगा यह बताया। उन्होंने कहा, ट्रैक में अपने आप में एक मजेदार तत्व है, यह आपको चिढ़ाता है और आपको थिरकने पर मजबूर करने की शक्ति रखता है। मैं इस बात से बहुत प्रभावित हूं कि गाना कैसे निकला है। दइया दइया आगामी शो हंटर- टूटेगा नहीं तोड़ेगा का एक ट्रैक है। गाने में सुनील शेट्टी और निया शर्मा एक साथ हैं और इसके बोल सिद्धांत कौशल ने लिखे हैं और संगीत हारून-गेविन ने दिया है। इसे सारेगामा के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।

## डीपनेक ब्लाउज पहने शरवरी वाघ ने शेयर किया सेक्सी लुक



बॉलीवुड एक्ट्रेस शरवरी वाघ इन दिनों अपनी बोल्ड और सिजलिंग अदाओं से फैंस को अपना कायल करने में लगी हुई हैं। अभिनेत्री जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस के दिलों पर खंजर चलने लग जाते हैं। हाल ही में शरवरी वाघ ने लेटेस्ट फोटोशूट करवाया है जिसमें उन्होंने ट्रेडिशनल आउटफिट में ओवरडोज तड़का लगाया है। एक्ट्रेस शरवरी वाघ का फैशन स्टेटमेंट हमेशा से ही ऑन प्वाइंट रहा है। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट में एथनिक का ओवरडोज तड़का लगाया है। इन फोटोज में शरवरी वाघ ने बेहद ही सिजलिंग लहंगा पहना हुआ है जिसमें वो अपना डीपनेक ब्लाउज फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दे रही हैं। सिल्वर कलर के लहंगे में अपनी पतली कमर का जादू फैंस के दिलों में चला कर अभिनेत्री ने एक बार फिर से लाइमलाइट लूट ली है। अपने बालों को स्टाइलिश लुक में ओपन कर के और साथ ही न्यूड मेकअप कर के शरवरी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस के इस लुक को देखकर फैंस की सासें थम गई हैं। बता दें कि शरवरी वाघ का हर लुक लोगों के बीच काफी ट्रेंड करता है। कानों में इयरिंग्स और कातिलाना निगाहों से किलर पोज देते हुए एक्ट्रेस अपनी इन तस्वीरों पर चार चांद लगा रही हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर किए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 1 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने लाइक कर दिया है।

## रणदीप हुड्डा की नई फिल्म पचहत्तर का छोरा का ऐलान, नीना गुप्ता भी आएंगी नजर



बॉलीवुड के टैलेंटेड एक्टर रणदीप हुड्डा और नीना गुप्ता जल्द अपकमिंग फिलम पचहत्तर का छोरा में एक साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे. रोमांटिक कॉमेडी एक ट्विस्ट के साथ ऑडियंस को एंटरटेन करेगी. नीना गुप्ता ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म के पोस्टर के साथ मुहूर्त की तस्वीरें भी शेयर की है.

नीना गुप्ता ने इंस्टा पर तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, एज नो बार? पेश है ñपचहत्तर का छोरा , ट्विस्ट के साथ एक अलग रोमकॉम! फिल्मांकन शुरू! ञ्च गिलटर जयंत द्वारा निर्देशित. इस पोस्ट को नीना ने फिल्म की स्टार कास्ट और क्रू को भी टैग किया है.पचहत्तर का छोरा के अनाउंसमेंट पोस्टर में एक यो हाथ का इशारा है जो एक वॉटर बॉडी से निकलता है. पोस्टर में, एक जोड़ी चश्मा और एक चलने की छड़ी आकाश में ऊपर की ओर एक पूर्णिमा के साथ बैकग्राउंड में हैं.

पचहत्तर का छोरा को जयंत गिलटर द्वारा डायरेक्ट किया जाएगा. फिल्म की शूटिंग आज शुरू हो गई है. पचहत्तर का छोरा में गुलशन ग्रोवर और संजय मिश्रा भी अहम रोल प्ले कर रहे हैं. बता दें कि राजस्थान के राजसमंद में शूटिंग शुरू हो चुकी है और यह पहली फिल्म है जिसे इस लोकेशन पर शूट किया जाएगा.

नए प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए, रणदीप ने कहा, ये फिल्म मेरे अब तक के किसी भी प्रोजेक्ट से अलग है. यह एक रोमांटिक ड्रामा है जिसमें सिचुएशन के मुताबिक कॉमेडी का एक अंडरकरंट है जो उम्मीद है कि दर्शकों को सोचने के लिए कुछ चारा देगा. मेरा विश्वास करो जब मैं कहता हूं, तुमने इस तरह की लव स्टोरी पहले नहीं देखी है.













# विधानसभा में मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक सर्वसम्मति से हुआ पारित

» मुख्यमंत्री बघेल ने दी बधाई

» सीएम बघेल ने इस मामले पर दिया बड़ा बयान

**रायपुर,22मार्च 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के 13वें दिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ मीडियाकर्मी सुरक्षा विधेयक 2023 पेश किया. विपक्ष की आपत्तियों के बीच विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुआ. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा.

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ मीडियाकर्मी सुरक्षा विधेयक 2023 पेश करते हुए बताया कि कानून की क्या व्यवस्था है, किसके लिए यह लागू होगा, कौन से मीडिया कर्मी इस कानून में पात्र होंगे इसके प्रावधान में है. उन्होंने कहा कि यह एक व्यापक प्रभाव वाला विधेयक है. कई बार इस कानून की मांग आई. 2019 में ही समिति का गठन कर लिया गया था. सभी से रायशुमारी के बाद यह कानून तैयार किया गया. आज का यह दिन स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा.

इसके पहले सदन में विधेयक को पेश किए जाने पर विपक्ष ने आपत्ति जताते हुए इसे प्रवर समिति में भेजे जाने की मांग की. आसंदी ने विपक्ष की मांग को अस्वीकृत किया. इसके साथ ही चर्चा से विपक्ष के सदस्यों ने अपने आप को अलग कर लिया.

### विधेयक की खास बातें

**किन पत्रकारों को मिलेगी सुरक्षा**

'छत्तीसगढ मीडियाकर्मी सुरक्षा कानून' के नाम से तैयार इस मसौदे में सुरक्षा पाने के हकदार पत्रकारों की अर्हता आदि का भी जिक्र है. इसके अनुसारः

ऐसा व्यक्ति जिसके गत 3 महीनों में कम से कम 6 लेख जनसंचार माध्यम में प्रकाशित हुए हों.

ऐसा व्यक्ति जिसे गत 6 माह में किसी मीडिया संस्थान से समाचार संकलन के लिए कम से कम 3 भुगतान प्राप्त किया हो.

ऐसा व्यक्ति जिसके फोटोग्राफ गत 3 माह की अवधि में कम से कम 3 बार प्रकाशित हुए हों.

स्तंभकार अथवा स्वतंत्र पत्रकार जिसके कार्य गत 6 माह के दौरान 6 बार प्रकाशित/प्रसारित हुए हों.

ऐसा व्यक्ति जिसके विचार/मत गत तीन माह के दौरान कम से कम 6 बार जनसंचार में प्रतिवेदित हुए हों.

ऐसा व्यक्ति जिसके पास मीडिया संस्थान में कार्यरत होने का परिचय पत्र या पत्र हो.

## पत्रकारों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा



### मीडियाकर्मियों के पंजीकरण के लिए अथॉरिटी का गठन

पत्रकारों के पंजीकरण के लिए भी सरकार अथॉरिटी का निर्माण करेगी. तैयार कानून के प्रभावी होने के 30 दिन के अंदर सरकार पत्रकारों के पंजीकरण के लिए अथॉरिटी नियुक्त करेगी.

अथॉरिटी का सचिव जनसम्पर्क विभाग के उस अधिकारी को बनाया जाएगा, जो अतिरिक्त संचालक से निम्न पद का न हो. इसमें दो मीडियाकर्मी भी होंगे, जिनकी वरिष्ठता कम से कम 10 वर्ष हो. इनमें से एक महिला मीडियाकर्मी भी होंगी, जो छत्तीसगढ़ में रह और कार्य कर रही हों.

अथॉरिटी में शामिल होने वाले मीडियाकर्मियों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा. कोई भी मीडियाकर्मी लगातार 2 कार्यकाल से ज्यादा अथॉरिटी का हिस्सा नहीं रह सकता.

### पत्रकारों की सुरक्षा के लिए समिति का गठन

समिति द्वारा तैयार किए गए कानून के लागू होने के 30 दिन के भीतर छत्तीसगढ़ सरकार पत्रकारों की सुरक्षा के लिए एक समिति का गठन करेगी. यह समिति पत्रकारों की प्रताड़ना, धमकी या हिंसा या गलत तरीके से अभियोग लगाने और पत्रकारों को गिरफ्तार करने संबंधी शिकायतों को देखेगी.

### कौन होगा समिति का सदस्य

कोई पुलिस अधिकारी, जो अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक से निम्न पद का न हो. जनसम्पर्क विभाग के विभाग प्रमुख और तीन पत्रकार, जिन्हें कम से कम 12 वर्षों का अनुभव हो. जिनमें कम से कम एक महिला सदस्य होंगी. इस समिति में भी नियुक्त किए गए पत्रकारों का कार्यकाल दो साल का ही होगा और कोई भी पत्रकार दो कार्यकाल से ज्यादा इस समिति का हिस्सा नहीं बन सकता है.

यही नहीं पत्रकारों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए सरकार एक वेबसाइट का निर्माण भी कराएगी, जिसमें पत्रकारों से संबंधित प्रत्येक सूचना या शिकायत और उस संबंध में की गई कार्यवाही दर्ज की जाएगी. जो इस अधिनियम के आदेश के अधीन होगा. किन्तु सूचना अपलोड करते समय यदि उस व्यक्ति की सुरक्षा प्रभावित होती है तो शासन ऐसे समस्त उचित उपाय करेगा, जिसमें संबंधित व्यक्ति की गोपनीयता रखने और उसकी पहचान छुपाने के उपाय भी हो सकें.

# बकाया बिजली बिल का मुद्दा विधानसभा में उठा



### मुख्यमंत्री ने दी बकाया राशि की जानकारी

**रायपुर,22मार्च 2023(ए)।** विधानसभा में आज बिजली बिल के बकाया का मुद्दा उठा। विधायक अरुण वोरा ने मुख्यमंत्री से पूछा कि प्रदेश में कुल कितने बिजली उपभोक्ता है? पिछले 03 वित्तीय वर्षों के अंत में बिजली बिल की कितनी राशि भुगतान बाकी है। उन्होंने ये भी पूछा कि 3 वित्तीय वर्षों के अंत में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के कुल कितनी राशि के बिजली बिल कितने सरकारी विभागों एवं कितने नगरीय निकायों के द्वारा भुगतान बकाया है।

जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के विभिन्न श्रेणी के 61,24,576 विद्युत उपभोक्ता है। वित्तीय वर्ष 2019-20 के अंत में विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं से राशि रूपये 3,042.10 करोड़ भुगतान हेतु शेष थी, जो वित्तीय वर्ष 2020-21 में बढ़कर रूपये 3,921.88 करोड़ एवं 2021-22 में बढ़कर रूपये 4,298.71 करोड़ हो गई है। (ख) वित्तीय वर्ष 2019-20 के अंत में कुल 32 सरकारी विभागों (नगरीय निकायों को छोड़कर) पर राशि रूपये 386.02 करोड़ की राशि भुगतान हेतु शेष थी,

जो वित्तीय वर्ष 2020-21 में बढ़कर रूपये 675.15 करोड़ तथा 2021-22 में बढ़कर रूपये 628.03 करोड़ हो गई है। इसके अतिरिक्त 170 नगरीय निकायों पर वित्तीय वर्ष 2019-20 के अंत में राशि रूपये 172.85 करोड़ भुगतान हेतु शेष थी, जो वित्तीय वर्ष 2020-21 में बढ़कर रूपये 426.44 करोड़ एवं 2021-22 में बढ़कर रूपये 473.67 करोड़ हो गई है।

### डीएफओ के खिलाफ जांच के आदेश

भ्रष्टाचार के मामले में पांच लोगों को सस्पेंड किया गया है। वहीं अब बिलासपुर डीएफओ के खिलाफ जांच के आदेश दिए है। वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने विधानसभा में यह बात कही है।

धरमलाल कौशिक ने प्रश्नकाल के दौरान पूछा कि क्या मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर के आदेश पर अक्टूबर, 2021 में आमागुड़ा, भालुमुड़ा और परिक्षेत्र बेलगहना के अंतर्गत अनियमितता व अन्य के संबंध में जांच समिति का गठन किया गया था?

मार्च 2022 में उप वन मंडलाधिकारी कोटा द्वारा जांच प्रतिवेदन वनमंडलाधिकारी बिलासपुर को प्रस्तुत किया गया था. जांच में कौन दोषी पाया गया है? वनमंत्री अकबर ने बताया कि जांच में वन क्षेत्रपाल विजय कुमार साहू, उप वन क्षेत्रपाल सेवक राम बैगा, वन पाल मोहम्मद शमीम, वन रक्षक हितकुमार ध्रुव और मुलेश कुमार जोशी दोषी पाए गए थे. कौशिक ने कहा कि भुगतान के पूर्व निरीक्षण की जवाबदारी किसकी थी? मंत्री ने बताया कि परिक्षेत्र अधिकारी के अंतर्गत सब कार्य होते हैं. रेंजर की जवाबदारी होती है. कौशिक ने वन अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें डीएफओ की जिम्मेदारी होती है.

# महिला एवं बाल विकास विभाग और समाज कल्याण विभाग के लिए 1468.77 करोड़ रूपए की अनुदान मांगे स्वीकृत

» मंत्री श्रीमती भेंड़िया ने की अनुदान मांगे प्रस्तुत

» महिला कोष के बजट में वृद्धिः 25.20 करोड़ रुपये का हुआ प्रावधान

» सामाजिक सहायता पेंशन राशि में 150 रूपए की वृद्धिः अब मिलेंगे 500 रूपए



**रायपुर,22मार्च2023(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया के विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु 1468 करोड़ 77 लाख 08 हजार रूपए की अनुदान मांगे सर्व सम्मति से पारित की गई। इसमें महिला एवं बाल विकास के लिए 1357 करोड़ 17 लाख 95 हजार रूपए तथा समाज कल्याण विभाग के लिए 111 करोड़ 59 लाख 13 हजार रूपए की राशि शामिल हैं। अनुदान मांगों की चर्चा में सदस्य विधायकगण श्रीमती रंजना दीपेन्द्र साहू और श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी ने भाग लिया।

मंत्री श्रीमती भेंड़िया ने सदन में चर्चा में कहा कि पिछले बजट की तुलना में उनके विभाग के बजट में 14.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कामकाजी महिलाओं के लिए 4 जिलों में 6 सखी सेंटर संचालित किया जा रहा है। इसके लिए वर्ष 2023-24 के बजट में 1.37 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिये निःशुल्क हेल्पलाइन सेवा नंबर 181 संचालित है ।

मंत्री श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि इस वर्ष महिला कोष के बजट में वृद्धि करते हुए 25.20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ महिला कोष के माध्यम से स्व-सहायता समूहों को दिए जाने वाले ऋण सीमा को 50 हजार रुपये से बढ़ाकर ऋण की सफलतापूर्वक वापसी पर 2 लाख रूपये से 4 लाख रूपये तक का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ महिला कोष द्वारा संचालित ऋण योजनांतर्गत ऋण लेने वाले ऐसे समूह जो अपरिहार्य कारणों से लंबी अवधि से ऋण एवं ब्याज नहीं चुका पा रहे थे, उनके प्रति संवेदनशीलता से निर्णय लेते हुए उनका 11.03 करोड़ का ऋण माफकर दिया है।

भेंड़िया ने कहा कि महिलाओं को अर्थिक रूप से सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए राज्य स्तर पर महिला मड़ई का आयोजन हर साल महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जाता है। जिले में भी महिलाओं को जागृत और सशक्त बनाने इसी तरह के आयोजन किए जा रहे हैं, जिसमें महिलाएं लाखों रुपए कमाती है। इसके साथ ही अन्य महिलाओं के लिए भी स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की बहनें गौठानों, मध्यान्ह भोजन और वन उत्पादों के विक्रय सहित कई कामों में लगी हुई हैं। छत्तीसगढ़ की बहनें कमजोर नहीं हैं, वे बैंकिंग लेनदेन सहित अपने सारे काम खुद करती हैं। श्रीमती भेड़िया ने बताया कि राज्य सरकार ने सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत पेंशन राशि में वृद्धि करते हुए उसे 500 रूपए कर दिया है। विगत 15 सालों में जहां पेंशन राशि में मात्र 50 रूपए की बढ़ोतरी की गई थी, वहीं हमारी सरकार ने 150 रूपए की वृद्धि की है।

# 1 अप्रैल से प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों को मिलेगी 2500 रुपए प्रतिमाह की दर से बेरोजगारी भत्ता

» कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा

» योजना को स्वीकृति प्रदानः मापदंड एवं शर्तें जारी किए गए




**रायपुर,22मार्च2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 1 अप्रैल 2023 से प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों को 2500 रुपए प्रतिमाह की दर से बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की गई है। इस संबंध में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा योजना की स्वीकृति प्रदान करते हुए आदेश जारी कर दिया गया है। संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ रायपुर ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए निर्धारित मापदण्ड एवं शर्तों के अनुसार बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए आवेदक का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है।

शिक्षित बेरोजगारों की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी आवश्यक है। वह मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम हायर सेकंडरी (12वीं) उत्तीर्ण हो। वह जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्ग दर्शन केंद्र में पंजीकृत हो और आवेदन के वर्ष के 1 अप्रैल को हायर सेकंडरी अथवा उससे अधिक योग्यता में उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना हो।

आवेदक की आय का कोई स्त्रोत न हो एवं आवेदक के परिवार की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार रुपए से अधिक न हो। परिवार से तात्पर्य है- पति, पत्नी एवं आश्रित बच्चे एवं आश्रित माता-पिता।

पात्र शिक्षित युवा को प्रथमतः एक वर्ष के लिए बेरोजगारी भत्ता देय होगा। यदि व्यक्ति विशेष का एक वर्ष की इस अवधि में लाभकारी नियोजन नहीं हो पाता है, तो बेरोजगारी भत्ते की अवधि एक वर्ष के लिए और बढ़ाई जा सकेगी। किसी भी प्रकरण में यह अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होगी।

एक परिवार से एक ही व्यक्ति को बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा। यदि किसी परिवार के किसी व्यक्ति को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जा चुका है, तो दूसरा व्यक्ति अपात्र होगा।

आवेदक के परिवार के किसी भी सदस्य को केन्द्र अथवा राज्य सरकार की किसी भी संस्था अथवा स्थानीय निकाय में चतुर्थ श्रेणी या ग्रुप डी को छोड़कर अन्य नौकरी होने पर ऐसा आवेदक बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होगा। यदि आवेदक को स्वरोजगार या शासकीय अथवा निजी क्षेत्र में किसी नौकरी को ऑफर दिया जाता है, परन्तु आवेदक ऑफर स्वीकार नहीं करता है, तो ऐसा आवेदक बेरोजगारी भत्ता के लिए अपात्र होगा।

पूर्व और वर्तमान मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और संसद या राज्य विधान सभाओं के पूर्व या वर्तमान सदस्यों, नगर निगमों के पूर्व और वर्तमान महापौर और जिला पंचायतों के पूर्व और वर्तमान अध्यक्ष के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ता के लिए अपात्र होंगे। 10,000/- रूपये या उससे अधिक की मासिक पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशन भोगी के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे। वे परिवार जिन्होंने पिछले असेस्मेंट ईयर में इनकम टैक्स भरा हो, उनके परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे। अन्य पेशेवर जैसे- इंजीनियर, डॉक्टर, वकील, चार्टर्ड एकाऊन्टेंट और पेशेवर निकायों के साथ पंजीकृत ऑर्किटेक के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ता के लिए अपात्र होंगे।

बेरोजगारी भत्ते की राशि पात्र हितग्राही के बैंक खाते में प्रतिमाह अंतरित की जाएगी। जिन लोगों को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जाएगा उन सभी व्यक्तियों को कौशल विकास प्रशिक्षण का ऑफर दिया जाएगा। कौशल विकास प्रशिक्षण के पश्चात् उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सहायता की जाएगी और यदि वे कौशल विकास प्रशिक्षण में भाग लेने से इनकार करते हैं या ऑफर किया गया रोजगार स्वीकार नहीं करते हैं तो उनका बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया जाएगा।


# एबीईओ से बीईओ प्रमोशन पर स्टे हटा

### हाईकोर्ट में लगी याचिका की खारिज

**रायपुर,22मार्च2023(ए)।** एबीईओ से बीईओ सहायक संचालक पद पर प्रमोशन को हाईकोर्ट की हरी झंडी मिल गयी है। कोर्ट ने प्रमोशन को लेकर जो पूर्व में याचिका लगी थी, जिसकी वजह से प्रमोशन प्रभावित हो गया था, उस केस को खारिज कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद बीईओ प्रमोशन पर लगा स्टे हट गया है, साथ ही कोर्ट ने दिसंबर में राज्य सरकार के पदोन्नति आदेश को यथावत रखा है। इस मामले में कोर्ट में आज अंतिम सुनवाई हुई। कोर्ट के फैसले के बाद अब बीईओ/सहायक संचालक पद पर प्रमोशन को यथावत रखा गया है। दरअसल हाईकोर्ट में बीईओ के प्रमोशन को लेकर दो याचिकाएं डब्ल्यूपीएस 1304/2021 और डब्ल्यूपीएस 721/2021 एक साथ लगी थी। इनमें से डब्ल्यूपीएस 721/2021 याचिका पहले ही हाईकोर्ट की सिंगल और डबल बेंच से खारिज हो चुकी थी। दूसरी याचिका डब्ल्यूपीएस 1304/2021 शासन के संज्ञान में नहीं था, लिहाजा राज्य सरकार ने एबीईओ से बीईओपद पर प्रमोशन का आदेश जारी कर दिया। 30 दिसंबर 2022 को पदोन्नति आदेश जारी करने के बाद जैसे ही राज्य सरकार के संज्ञान में कोर्ट का स्टे आया। राज्य सरकार ने 3 फरवरी 2023 को प्रमोशन ने आर्डर को रद्द कर दिया। हालांकि तब तक कई एबीईओ ने प्रमोशन के बाद ज्वाइनिंग भी ले ली थी। डब्ल्यूपीएस 1304/2021 की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को अपना पक्ष



रखना था। राज्य सरकार के साथ ही पदोन्नति से प्रभावित एबीईओ ने भी इंटरवेनर पीटिशन दायर किया । सुनवाई के बाद इस मामले में अंतिम फैसला हाईकोर्ट ने सुना दिया है। हालांकि फैसले की कॉपी अभी अपलोड नहीं हुई है। लेकिन फैसले में एबीईओ से बीईओ प्रमोशन पर लगी रोक को कोर्ट ने हटा लिया है और पदोन्नति आदेश को कोर्ट ने यथावत रखा है।



# स्कूल शिक्षा सचिव को 20 हजार जुर्मानाः हाईकोर्ट ने किया तलब

### कोर्ट द्वारा दिए गए समय पर जवाब प्रस्तुत न करने से बेहद नाराज हुए जज

**बिलासपुर ,22मार्च2023(ए)।** एक महीना टाइम देने के बाद भी 11 साल पुराने मामले में जवाब न देने से हाई कोर्ट ने नाराज होकर 20 हजार रुपए जुर्माना कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को हाईकोर्ट ने 23 मार्च को सुबह 10:30 बजे कोर्ट में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है।

यह मामला 2012 में शिक्षा विभाग के एक मामले में कोर्ट द्वारा निर्धारित किए गए समय पर एडिशनल जानकारी प्रस्तुत न किए जाने का है। दरअसल याचिकाकर्ता ने 2012 में याचिका दायर कर हेड मास्टर के पद पर नियुक्ति की मांग समस्त लाभ के साथ की है जिस पर लगातार सुनवाई जारी है इसी मामले में शासन को 20 मार्च तक एडिशनल रिप्लाई फाइल करने को कहा गया था। लेकिन विभाग द्वारा इस मामले में निर्धारित तिथि तक कोई अतिरिक्त जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। सचिव के तरफ से डीईओ कोर्ट में पेश हुए। जिससे नाराज होकर जज जस्टिस राकेश मोहन पांडेय ने सचिव को न्यायालय में व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया है। साथ ही जुर्माने के तौर पर हाईकोर्ट लाइब्रेरी फंड में व्यक्तिगत 20000 की राशि भी जमा करनी होगी।

# भूकंप से बचने 7वीं मंजिल से नीचे दौड़े सांसद दीपक बैज और गनमैन

**रायपुर,22मार्च2023(ए)।** बस्तर सांसद दीपक बैज का सातवें फ्लोर से नीचे दौड़ते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में वे अपने गनमैन के साथ सीढ़ियों से नीचे उतरते दिखाई दे रहे हैं। दरअसल दिल्ली-हृष्टक्र में रात करीब 10 बजकर 17 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इस दौरान दीपक बैज अपने फ्लैट से दौड़ते हुए नीचे उतर रहे थे। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.6 रही।



संसद सत्र में शामिल होने के लिए 12 मार्च से दीपक बैज दिल्ली में हैं। मंगलवार रात को जब वे गोमती अपार्टमेंट के सरकारी फ्लैट में बस्तर के कुछ कार्यकर्ता और गनमैन के साथ मौजूद थे, उसी वक्त भूकंप के झटके महसूस किए गए।

# सीएम बघेल ने चेट्रीचण्ड्र की प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

### सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

**रायपुर,22मार्च2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों विशेषकर सिंधी समुदाय को चेट्रीचण्ड्र (चैतीचांद) की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी नागरिकों के लिए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि चेट्रीचण्ड्र (चैतीचांद) सिंधी समुदाय का प्रमुख पर्व है। इस दिन सिंधी समुदाय के ईष्ट देव झूलेलाल जी की जयंती मनाई जाती है। सिंधी समुदाय के लोग इस दिन को नववर्ष के रूप में भी मनाते हैं।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री बघेल ने सिंधी समुदाय की आस्था और परम्पराओं का सम्मान करते हुए इस वर्ष से चेट्रीचण्ड्र (चैतीचांद) महोत्सव पर राज्य के नगर निगम व नगर पालिका क्षेत्रों में अवकाश की घोषणा की है।

Dr. Shashank Tiwari
Reflexologist & Manual Therapist
श्री Healthcare's Center
TREATMENT WITHOUT MEDICINE
- Migraine
- Back Pain, Slip Disc
- Cervical Spondylitis
- Frozen Shoulder
- All Joint Pain
- Knee Pain
- Paralysis
- Increase Concentration
- Travel Sickness
- General Phobia
(Monday To Saturday) Morning. 10:00 AM To 1:00 PM Evening: 6:00 To 8:00
Mob.: +91-9250309060 | shrihealthcarescenter@gmail.com
E-24, Kamla Nagar, Near Chota Gol Chakkar, Delhi - 07

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)